# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष -03 अंक - 178 बैकुण्ठपुर, बुधवार 19 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com


# हाथियों ने दो ग्रामीणों का घर गिराया, दो गाय भी चपेट में आई

## नौ शावकों के साथ पहुंचे 20 सदस्यीय हाथियों के दल ने दहशत में डाला ग्रामीणों को

**छ.ग.फ्रंटलाइन रामानुजगंज।** बलरामपुर जिले के धमनी रेंज में 16 अप्रैल से 20 हाथियों के दल के विचरण करने से दर्जनों गांव के लोगों में दहशत बना हुआ है। अभी तक हाथियों ने गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया हैं वहीं दो घरों को गिरा दिया है। हाथियों के चपेट में आने से दो गाय की भी मौत हुई है। वन विभाग की टीम रेंजर राम नारायण राम के नेतृत्व में ग्रामीणों को हाथियों के नजदीक व जंगल की ओर जाने से मना करने में लगी है। वन विभाग के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि हाथियों का दल रिहायशी क्षेत्रों के बजाए जंगल की ओर रहे। वन विभाग की टीम के साथ गजराज वाहन मौके पर है। हाथियों के समूह में छह नर, पांच मादा एवं 09 शावक शामिल हैं।



गौरतलब है कि 16 मार्च से 20 हाथियों का दल धमनी रेंज के ग्राम हरिहरपुर, धनवार, भितरचुरा, में विचरण करते देखा गया, इसके बाद 15 अप्रैल को हाथियों का दल कलिकापुर, हरिहरपुर, भीतरचुरा के जंगलों में विचरण कर रहा था। बीती रात हाथी तिकीढीरी डॉटम, कलिकापुर के जंगलों में विचरण करते रहे। इन्होंने ग्राम नीलकंठपुर के देवरूप यादव के घर को तोड़ दिया वहीं घर में रखे गेहूं एवं धान की फसल को भी चट कर गए। हाथियों ने गांव के ही श्रवण यादव के भैंस को घायल कर दिया, हाथियों के चंगुल में आई श्रवण की एक गाय की मौत हो गई। ग्राम डॉटम में बालरूप कोरवा पिता भगतराम की गाय को हाथियों ने मार डाला। क्षेत्र में हाथियों के विचरण करने से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीण रतजगा कर अपने-अपने घरों की पहरेदारी कर रहे हैं, वहीं वन विभाग की टीम के साथ रेंजर राम नारायण राम के नेतृत्व में लगातार ग्रामीणों को सावधान किया जा रहा है, इन्हें जंगलों की ओर जाने से मना किया गया है। हाथी रिहायशी क्षेत्रों की ओर नहीं आएं इसके लिए वन अमला गजराज वाहन के साथ सक्रिय है।

### सड़क पार करते हाथियों का वीडियो वायरल

धमनी रेंज में पहुंचे 20 हाथियों के दल को दो दिन पूर्व ग्राम कलिकापुर, नागेश्वर धाम के समीप मुख्य सड़क पार करते कई लोगों ने देखा, इसका वीडियो भी बनाया, जो देखते-देखते इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। हाथियों का दल शावकों के साथ स्पष्ट नजर आ रहा है।

### ग्रामीणों को करेंगे मुआवजा भुगतान-रेंजर

धमनी रेंजर राम नारायण राम ने बताया कि 16 मार्च से धमनी रेंज में 20 हाथियों का दल आया है जिसके द्वारा 2 घरों को तोड़ा गया है, वहीं एक गाय की इनके चपेट में आने से मौत हुई है। हाथियों के दल ने थोड़ा-बहुत गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग नुकसान का आंकलन कर जल्द ग्रामीणों को मुआवजा राशि का भुगतान करेंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को जंगलों की ओर जाने से मना किया गया है। हाथियों का दल बीती रात धमनी रेंज में रहने के बाद आज रामानुजगंज रेंज के छतवा की ओर प्रवेश किया है।

# क्रेडिट कार्ड हैक कर रुपये आहरित करने वाले अंतर्राज्यीय अपराधी रांची से गिरफ्तार

## कोतवाली पुलिस व साइबर सेल की कार्रवाई, आरोपियों ने 98,972 किया था आहरण

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** क्रेडिट कार्ड हैक कर राशि आहरित करने के मामले में थाना कोतवाली एवं साइबर सेल पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो अंतर्राज्यीय अपराधियों को रांची झारखंड से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन में साइबर ठगी के मामले में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से छह नग एटीएम, दो घटना में प्रयुक्त मोबाइल, सीम बरामद किया।

अंबिकापुर निवासी अजीत कुमार त्रिपाठी ने कोतवाली थाने में क्रेडिट कार्ड को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हैक करके 98 हजार 972 रुपये आहरित करने की जानकारी दी थी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 420, 34, 201 भादवि, 66 (डी) आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। इधर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में साइबर ठगों पर कार्रवाई व आरोपियों को गिरफ्तार करने के दिशानिर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक कलीम खान एवं थाना प्रभारी कोतवाली उपनिरीक्षक रूपेश नारंग आरोपियों के तलाश में लगे थे। आरोपियों के संबंध में साइबर सेल से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर एक विशेष टीम आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु रांची झारखंड गई थी। विशेष पुलिस टीम ने मामले के संदेही मुकेश कुमार एवं पंकज कुमार निवासी रांची झारखंड को घेराबंदी कर कब्जे में लिया और पूछताछ की, तो उन्होंने क्रेडिट कार्ड हैक कर साइबर ठगी की घटना कारित करना स्वीकारा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एटीएम, मोबाइल, सिम बरामद करने के बाद विधिवत कार्रवाई की और इन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक कलीम खान, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश्वरी चौबे, थाना कोतवाली के प्रभारी उपनिरीक्षक रुपेश नारंग, उनि प्रमोद दुबे, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक वीरेन्द्र पैंकरा, रूपेश महंत, मनीष सिंह, जीतेश साहू, रमेश राजवाड़े, अनुज जायसवाल, शिव राजवाड़े शामिल रहे।




# आईजी ने संवेदनशील रहकर कार्य करने की दी नसीहत

## वार्षिक निरीक्षण दौरान परेड में बेस्ट टर्न आऊट वाले अधिकारी, कर्मचारी पुरस्कृत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज द्वारा वार्षिक निरीक्षण दौरान परेड में बेस्ट टर्न आऊट वाले अधिकारी, कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने दरबार में अपने अधीनस्थों की गुजारिश सुनी और नवनिर्मित पुलिस कैंटीन भवन एवं महिला विश्राम कक्ष का उद्घाटन किया। वार्षिक निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय सरगुजा के समस्त शाखाओं का भी विधिवत निरीक्षण किया व समीक्षा बैठक ली। वार्षिक निरीक्षण की अगली कड़ी में शहरी, ग्रामीण क्षेत्र के थानों का निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है।



पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग ने मंगलवार को रक्षित केंद्र अंबिकापुर व पुलिस अधीक्षक कार्यालय सरगुजा का वार्षिक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक ने रक्षित केंद्र में परेड की सलामी ली। सलामी पश्चात परेड का निरीक्षण कर बेस्ट टर्न आऊट धारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया। परेड के दौरान पुलिस बैंड के मधुर धुन पर परेड का संचालन किया गया। आईजी ने पुलिस बैंड के जवानों को भी ईनाम से पुरस्कृत किया। परेड निरीक्षण पश्चात वे रक्षित केंद्र के वाहन शाखा का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान शासकीय वाहनों की अद्यतन स्थिति के संबंध में चालकों से विस्तृत जानकारी ली। बीपी वाहन, जैमर वाहनों के मेंटेनेंस व उनके रख-रखाव से अवगत हुए। पुलिस महानिरीक्षक ने रक्षित केंद्र स्थित शस्त्रागार, स्टोर के रख-रखाव संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सरगुजा पुलिस कैंटीन के नवनिर्मित कक्ष का उद्घाटन किया, जिससे पुलिस परिवार को काफी सुविधा प्राप्त होंगी। कैंटीन कक्ष उद्घाटन के बाद महिला विश्राम गृह का भी उन्होंने उद्घाटन किया। यहां महिला कर्मचारियों के लिए लगातार सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन सहित सरगुजा जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी, रक्षित निरीक्षक जयराम चारमाको, आइजी स्टेनो पुष्पेंद्र शर्मा, रीडर सुभाष ठाकुर सहित कार्यालयीन अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जवानों की फरियाद पर शासन को प्रस्ताव भेजने कहा

पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने रक्षित केंद्र अंबिकापुर के प्रांगण में पुलिस दरबार का आयोजन कर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याएं सुनी एवं उनकी समस्या के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। आईजी के समक्ष जवानों ने रिस्पॉन्स भत्ता समेत कई निवेदन किए, जिस पर शासन को प्रस्ताव भेजने कहा गया। पुलिस दरबार के दौरान आईजी ने अपने उद्बोधन में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को संवेदनशील रहकर कार्य करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सरगुजा जिला, संभाग का मुख्यालय है। जिले की पुलिसिंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में बेहतर कार्रवाई करने की बात कही।

### एसपी कार्यालय का निरीक्षण, रिकार्ड दुरूस्त करने की हिदायत

पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने रक्षित केंद्र का निरीक्षण करने के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के सभी शाखाओं के कार्यों का बारीकी से आवलोकन करते हुए संबंधितों को रिकॉर्ड दुरुस्त करने की हिदायत भी दी। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर उनके जीपीएफ इत्यादि का भुगतान करने के साथ-साथ उन्हें पेंशन अविलंब प्राप्त हों, इस बाबत मुख्य लिपिक को निर्देशित किया। कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यालयीन कार्यों में शीघ्रता लाने के निर्देश दिए। समय-समय पर वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त होने वाले दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने की समझाइश दी गई।

# संक्रमितों की बढ़ती संख्या के बीच बुधवार को मिले 38 पॉजिटिव

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अंबिकापुर शहर व आसपास के इलाके में में कोरोना संक्रमितों की तादाद बढ़ती जा रही है। ऐसे में जिला प्रशासन व स्वास्थ्य प्रशासन की ओर से एहतियात बरतने का आग्रह आमजनों से किया जा रहा है। वहीं कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन लोग करें, इसकी अपेक्षा व्यक्त की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार 18 अप्रैल को अंबिकापुर सहित जिले में 38 कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। जांच प्रक्रिया में तेजी आने के बाद संक्रमितों की संख्या भी दिनों-दिन बढ़ते ही जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से संक्रमितों को आवश्यक दवाओं का किट मुहैया कराया जा रहा है, ताकि वे जल्द स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। जारी बुलेटिन के अनुसार कोरोना पॉजिटिव में 9 से 15 वर्ष के पांच बच्चों के अलावा युवाओं की संख्या अधिक है। ऐसे में 10 अप्रैल से 18 अप्रैल तक कोविड पॉजिटिव की संख्या 178 पहुंच गई है।

### डाटा सेंटर में खुला कंट्रोल रूम

आयुक्त नगर पालिक निगम प्रतिष्ठा ममगाईं ने सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार के आदेश के परिपालन में कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए बचाव एवं रोकथाम हेतु नगर पालिक निगम के गांधी चौक स्थित डाटा सेंटर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर 7974995944 है। यहां सुबह छह बजे से दोपहर 12 बजे तक के लिए प्लेसमेंट कर्मचारी राहुल गुप्ता कंप्यूटर ऑपरेटर व दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे के लिए सपना गुप्ता कंप्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

# प्रदेश में यादवों की 35 लाख आबादी, फिर भी प्रशासनिक व राजनीतिक क्षेत्र में उपेक्षा

## विशाल स्वाभिमान रैली एवं सम्मेलन के माध्यम से अंबिकापुर में हुंकार भरेंगे कल

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ में 35 लाख से अधिक जनसंख्या यादव समाज की है। सरगुजा संभाग में लगभग चार लाख लोग निवास करते हैं। इतनी आबादी होने के बाद भी प्रशासनिक, राजनैतिक क्षेत्र में समाज के लोगों को जो स्थान मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है। वर्तमान हालात समाज की उपेक्षा को इंगित करा रहे हैं। समाज की 85 प्रतिशत आबादी वनांचल क्षेत्र में होने के कारण विकास से कोषों दूर है। उक्त बातें सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने सरगुजा प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा 20 अप्रैल को अंबिकापुर के कलाकेंद्र मैदान में विशाल स्वाभिमान रैली एवं सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर, पूर्व सांसद डॉ. सुधा यादव, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, पिछड़ा वर्ग आयोग दिल्ली के अध्यक्ष जगदीश यादव, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव बजरंगी यादव, सकलडीह विधायक प्रभुनारायण यादव, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं पद्मश्री फूलबासन यादव की उपस्थित होगी। स्वाभिमान रैली व सम्मेलन में सरगुजा संभाग सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के लोग शामिल होंगे।




इस दौरान सैकड़ों वर्षों से वनांचल में निवासरत समाज के लोगों को वन अधिकार पट्टा देने, समाज के लोगों को गौ पालन और दुग्ध व्यवसाय के लिए सरल ऋण सुविधा उपलब्ध कराने, ऋण पर 50 प्रतिशत छूट देने, डेयरी को उद्योग घोषित कर यादव समाज के लिए संरक्षित करने, पीढ़ियों से चरवाहे का काम करने वाले हर लोगों को हर माह मानदेय देने की मांग की जाएगी। रमेश यदु ने कहा कि समाज का संगठनात्मक ढांचा मजबूत हो, इसके लिए प्रयास चल रहा है। सरगुजा संभाग के अलावा बस्तर, बिलासपुर, रायपुर में सम्मेलन के माध्यम से समाज को संगठित किया जाएगा। यादव समाज आज भी भारी-भरकम आबादी के बाद भी राजनीति के मामले में हासिए पर है, वे सिर्फ वोट देते आए हैं। हरित क्रांति व श्वेत क्रांति कृषि के क्षेत्र का मूल सिद्धांत है, इसे साकार करने के लिए डेयरी उद्योग को आगे लाना होगा। उन्होंने कहा पहले अहीर रेजीमेंट था, जिसे बंद कर दिया गया, जबकि अहीर लोग ज्यादा शहीद होते हैं। पत्रकार वार्ता में संभागीय अध्यक्ष देवनारायण यादव, ब्लाक अध्यक्ष मोती यादव, रामचंद्र यादव, जीवन यादव, लालचन्द यादव, जयपाल यादव, अनिश यादव, बैजनाथ यादव, दिगंबर यादव, सतीश यादव, विकास यादव, रामपुकार यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### हवाई जहाज लैंडिंग की इसलिए नहीं मिली अनुमति

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आठ सीटर के हवाई जहाज से अंबिकापुर में होने वाली स्वाभिमान रैली और यादव समाज के वृहद सम्मेलन में शामिल होने के लिए आने वाले थे। उन्होंने समाज के लोगों को इसके लिए अपनी सहमति भी दी है, लेकिन दरिमा में स्थित मां महामाया एयरपोर्ट में चल रहे निर्माण कार्यों के बीच वहां हवाई जहाज का उतर पाना संभव नहीं होगा। ऐसे में यहां हवाई जहाज उतारने की अनुमति नहीं मिल पाई। समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने बताया कि बलरामपुर कलेक्टर से चर्चा करने पर वहां भी सुरक्षा व्यवस्था व नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था आड़े आया। ऐसे में अखिलेश यादव का अंबिकापुर तक पहुंचना कैसे सुनिश्चित होगा, इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

# ग्रामीणों को छह दशक बाद भी काबिज भूमि का नहीं मिला पट्टा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** गैर राजनीतिक आजाद सेवा संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मरेया के ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सरगुजा कलेक्टर के नाम ज्ञापन अधीक्षक को सौंपा गया। यहां के ग्रामीणों को काबिज जमीन का पट्टा नहीं मिल पाया है। ग्राम धबईपानी, महादेव पानी, घटरो के लगभग 60 परिवारों को वन भूमि में काबिज हुए छह दशक से अधिक हो गए, इन्हें वन अधिकार पट्टा देने की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है शासकीय वन भूमि को उन्होंने काफी मेहनत व रकम खर्च कर अच्छे किस्म की भूमि में परिवर्तित किया है। शासकीय भूमि के अलावा उनके परिवार में किसी के नाम और कोई भूमि नहीं है। पट्टा के लिए फॉर्म भर कर जमा करने के बाद भी आज तक वे भूमि अधिकार पत्र से वंचित हैं। पट्टा नहीं मिलने से उन्हें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सभी गरीब रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार हैं और भूमिहीन हैं। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए संघ के प्रदेश सचिव ने कलेक्टर सरगुजा के माध्यम से आग्रह किया है शासन इन परिवारों के स्थायित्व की सोच बनाए और दशकों पूर्व से काबिज ग्रामीणों को पट्टा प्रदान किया जाए। इस दौरान छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, ग्रामीण महासचिव संजय बड़ा, छात्र मोर्चा के प्रवक्ता अभिनव चतुर्वेदी, पुष्पम पटेल सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।




एजेंसी देना है

सीतापुर, वाड्रफनगर, चिरिमिरी


में एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा धन राशि के साथ संपर्क करें।

दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर सरगुजा छ.ग.


फोन नं. 9826142977, 9714108088


# नाती-नातिन के भविष्य को लेकर थे चिंतित, कलेक्टर ने दिखाई संवेदनशीलता



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कलेक्टर कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक के बाद आयोजित जनदर्शन में लगभग 70 फरियादी आवेदन लेकर पहुंचे। इनमें एक आवेदक ऐसे भी रहे जिनकी परेशानी का त्वरित निराकरण हुआ और वे अच्छे भविष्य की उम्मीद के साथ वापस गए। विकासखंड लखनपुर के ग्राम पंचायत लोसंगा अंतर्गत पारा रानीकछार के रहने वाले दंपती फिल्मोन और गिलासो अपने नाती और नातिन के साथ जनदर्शन में पहुंचे। बच्चों के माता-पिता के अभाव में वे ही सपत्निक दोनों बच्चों का पालन पोषण कर रहे हैं। वे जनदर्शन में बच्चों के स्कूली भविष्य की चिंता लेकर कलेक्टर के समक्ष पहुंचे। कलेक्टर कुंदन कुमार ने उनकी बातों को इत्मिनान से सुना और त्वरित कार्रवाई करते हुए उप संचालक समाज कल्याण, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को आवश्यक मदद करने निर्देशित किया। कलेक्टर के निर्देश पर दोनों बच्चों का दाखिला स्कूल और छात्रावास में कराया जाएगा, जिससे वे पढ़ाई कर सकें और अपना बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर सकें। साथ ही स्कूली छात्रवृत्ति का लाभ एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं भी सुनिश्चित कराने उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह जनदर्शन में सीतापुर से आई आवेदिका जसिन्ता मिंज के आवेदन पर तत्काल फौती, नामांतरण कराते हुए कलेक्टर द्वारा आवेदिका को बी-1 प्रदाय किया गया।

# बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदनों के निराकरण में सरगुजा जिला पूरे प्रदेश में प्रथम



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में शासन की महत्वपूर्ण बेरोजगारी भत्ता योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप सत्यापन दल द्वारा आवेदन व दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत पात्र पाए जाने पर जिले में 900 से ज्यादा आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता की स्वीकृति प्रदान की है, साथ ही ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। समय-समय पर आवेदनों और दस्तावेजों का सत्यापन कर पात्रता निर्धारण का काम भी जारी है। जानकारी के अनुसार सरगुजा जिले में 1882 आवेदन पंजीकृत किए गए हैं, जिनमें राज्य शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के आधार पर पात्रता व अपात्रता निर्धारित करते हुए 940 से ज्यादा आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। इसी कड़ी में प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निराकरण में सरगुजा जिला प्रथम स्थान पर है। ज्ञातव्य है कि जिले में शासन की महत्वपूर्ण बेरोजगारी भत्ता योजनांतर्गत सत्यापन दल द्वारा ऑनलाइन आवेदन व दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है, तत्पश्चात पात्र आवेदकों को स्वीकृति आदेश प्रदान किए जा रहे हैं। जिले में बेरोजगारी भत्ता के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं सत्यापन की व्यवस्था की गई है। सत्यापन केंद्र बनाए गए हैं, जहां बेरोजगारी भत्ता के लिए निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन देने की सुविधा है।

# खोपा में बैनर-पोस्टर पर बवाल, भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता आमने-सामने

## करंजी चौकी पहुंचा मामला, दुर्व्यवहार करने आरोप

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**दतिमा मोड़।** भटगांव मंडल के खोपा चौक में लगाए गए हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा समर्थित फ्लेक्सी को फाड़ देने से बवाल हो गया है। जिसमे कांग्रेस के कार्यकर्ता को भाजपा की फ्लेक्सी फाड़ते देख लिया गया। हालांकि वह मौके से फरार हो गया। फ्लेक्सी फोटो वाले पोस्टर फाड़ने वालों कांग्रेस कार्यकर्ता लक्ष्मीपुर निवासी बृजेश मानिकपुरी के खिलाफ भाजपाइयों ने करंजी चौकी पहुँच एफआईआर दर्ज करने की मांग की है साथ ही फ्लेक्सी फाड़ने के बाद कथित तौर पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर दुर्व्यवहार करने आरोप लगाया है।

जानकारी हो कि भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य वीरपुर निवासी लक्ष्मी राजवाड़े ने खोपा में चैत्र नवरात्र, हिंदू नव वर्ष की होर्डिंग्स लगवाई थी। जिसमें जिला एवं प्रदेश स्तर के बड़े नेताओं का फोटो लगा हुआ था। एवं प्रभु श्री राम का भी छायाचित्र लगा हुआ था। जिसे रविवार की रात लगभग नौ बजे बृजेश मानिकपुरी और उनके अन्य साथियों के द्वारा फाडा जा रहा था। इस बीच स्थानीय ग्रामीणों ने देख लिया और मौके पर ही दबोच लिया हालांकि उसके बाद भी वह भागने में सफल रहा। भाजपा द्वारा क्षेत्र में लगाए गए पोस्टर फाड़ने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता बुरी तरह से बौखला गए हैं और इसी बौखलाहट में वे भाजपा के पोस्टर फाड़ने पर उतारू हो गए हैं। विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों से भाजपा कार्यकर्ता लगातार भाजपा द्वारा लगाए गए पोस्टर फाड़े जाने की शिकायत कर रहे हैं। कई स्थानों पर तो भाजपा के पोस्टर फाड़ कर कांग्रेस के पोस्टर लगाए गए हैं। इस तरह के हथकंडो से कांग्रेस को कुछ हासिल नहीं होगा। अगर कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्र के विकास को तरजीह दी होती तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा के पोस्टरों पर अपना गुस्सा न उतारना पड़ता। दूसरी और भाजपा अल्पसंख्यक प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य इरफान अंसारी के द्वारा भी करंजी चौकी में शिकायत दर्ज कराया है कि दतिमा-करंजी मार्ग में लगाए जा रहे होर्डिंग्स में फ्लेक्सी को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा बार-बार फ्लेक्सी फाड़ दी जा रही है। अंजाम को उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर निशाना साधा है और जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत करने वालों में लक्ष्मी राजवाड़े सहित मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े, भाजयुमो जिला मंत्री संतलाल प्रजापति, किसान मोर्चा अध्यक्ष ठाकुर राजवाड़े, इरफान अंसारी, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल, पारस पैकरा सहित अन्य उपस्थित रहे।






## लापता किशोर का तालाब में मिला शव

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत लटोरी से 5 दिनों से लापता किशोर का सड़ा गला शव तालाब में संदिग्ध परिस्थितियों में पाई गई है। पुलिस द्वारा विवेचना शुरू कर दिया गया है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत लटोरी निवासी 17 वर्षीय देवकुमार राजवाड़े पिता संतोष कुमार बचपन से ही मानसिक रूप से विक्षिप्त था। किशोर 13 अप्रैल से घर से लापता हो गया था, जिसका शव ग्राम पंचायत गंगापुर के जामपान में स्थित तालाब में सड़ा हुआ संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया है। सूचना पर पुलिस ने शव पंचनामा पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर मर्गकायम कर विवेचना शुरू कर दिया है।

# बिश्रामपुर-कुमदा के मध्य स्थित रेलवे फाटक आज रहेगा बंद

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** करंजी-विश्रामपुर के मध्य बिश्रामपुर-कुमदा सड़क मार्ग पर स्थित स्थाई रेल पथ का अनुरक्षण कार्य संरक्षा एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से आज 19 अप्रैल बुधवार को रात्रि 10 बजे से 20 अप्रैल की सुबह 6 बजे तक बंद रखा जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल अंतर्गत आने वाले अनुभाग दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बैकुंठपुर रोड अंतर्गत आने वाले फाटक क्रमांक एबी 71 जो खंभा क्रमांक 1023 के 4-5 विश्रामपुर-करंजी के मध्य स्थित है। उसके अनुरक्षण का कार्य आज 19 अप्रैल बुधवार की रात्रि 10 बजे से प्रारंभ होकर 20 अप्रैल गुरुवार को सुबह 6 बजे तक किया जाना है। इस सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से होने वाले कार्य के दौरान रात्रि 10 से सुबह 6 तक सड़क यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बंद रहेगी। इसके लिए रेलवे ने सूरजपुर एसडीएम सहित वरिष्ठ मंडल अभियंता उत्तर बिलासपुर, सहायक मंडल अभियंता मनेंद्रगढ़ को विभागीय पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। कार्यस्थल पर कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके इस हेतु थाना प्रभारी बिश्रामपुर, प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल को सूचना देकर इस अनुरक्षण कार्य में सहयोग की अपेक्षा की है। वरिष्ठ अनुभाग अभियंता सरवर खान ने बताया कि 20 अप्रैल को सुबह 7 बजे से यह फाटक सुचारू रूप से यातायात के लिए प्रारंभ होगा।




## भागवत कथा में पहुंचे विधायक राजवाड़े, सम्मान भी हुआ

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**दतिमा मोड़।** भैयाथान विकासखंड के मिसिरपारा में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े व एवं मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतनारायण जायसवाल सम्मिलित हुए।

आयोजित श्रीमद् भागवत कथा प्रवक्ता विनय कांत त्रिपाठी रामायण पाठ चतुर्थ दिवस वामन अवतार राम जन्म एवं कृष्ण जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में संसदीय सचिव एवं भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े कथा स्थल पहुंच पहुचे। यहां उन्होंने नारियल भेंट किया। आयोजक अशोक मिश्रा द्वारा आचार्य विनय कांत त्रिपाठी के माध्यम से उनका साल श्रीफल से सम्मान किया गया। उन्होंने भी भगवताचार्य पुष्पहार से स्वागत किया। आयोजको ने भी फुल वर्षा कर स्वागत की। इस मौके पर विधायक ने कहा कि भागवत सुनने से मन को शांति मिलती है। प्रत्येक गांव में भागवत का आयोजन होना चाहिए। साथ में इसका अनुश्रवण अपने जीवन में करने की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में धर्म के प्रति लोगों की रूची बढ़ी है। इसका नतीजा है कि कई जगह यज्ञ हवन एवं भागवत का समापन व भंडारा 21 अप्रैल को विधि-विधान के साथ किया जाएगा।





## कायाकल्प के अंतर्गत बालोद अस्पताल को मिला अवार्ड

**बालोद। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कायाकल्प के अंतर्गत जिला चिकित्सालय बालोद, पीएससी चिखला कसा एवं सब सेंटर चिल्हाटी कला को अवार्ड दिया गया है। जिसमें जिला अस्पताल को 3 लाख रुपये दिया गया है।

बेबीलॉन इंटरनेशनल होटल रायपुर में आयोजित कायाकल्प अवार्ड कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में अवार्ड प्रदान किया गया। पीएससी चिकलाकसा को 50 हजार तथा सब सेंटर चिखला कसा को 25000 रुपए मिलेगा।

# नए सब स्टेशन का निर्माण कराने के साथ खींची जाएगी 33 केवी लाइन

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कोरबा जिले के कटघोरा तहसील से लगभग 50 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम मोरगा सहित वनांचल के दर्जनभर से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेहतर होगी। इसके लिए ग्राम मोरगा में नए सब स्टेशन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। चोटिया से मोरगा तक 25 किलोमीटर 33 केवी लाइन खींची जाएगी। वनांचल क्षेत्र के गांवों की बिजली सप्लाई व्यवस्था सुधारने 5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। 4 करोड़ रुपए की लागत से लाफा तक नई लाइन खींचने व सब स्टेशन के निर्माण से आसपास गांवों को लाभ मिलेगा।

जिले के अंतिम छोर पर बसे मोरगा सहित आसपास के गांवों को पड़ोसी जिले सूरजपुर के प्रेमनगर से बिजली सप्लाई की जा रही हैए कोरबा ग्रामीण डिवीजन के कुदमुरा व आसपास के गांवों को रायगढ़ के हाटी सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति की जाती है। इस वजह से आए दिन बिजली आपूर्ति में फाल्ट आनेए लो वोल्टेज की शिकायतें मिलती रहती है।

करतला सब स्टेशन के फीडर से जोड़ने 14 किलोमीटर लाइन तार खींचकर यहां से कुदमुरा सहित आसपास के गांवों के बिजली सप्लाई की तैयारी हैए तो वहीं कटघोरा ग्रामीण डिवीजन के ग्राम मोरगा में भी सब स्टेशन का निर्माण कराए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके बाद क्षेत्र के गांवों को बिजली आपूर्ति जिले से ही हो पाएगी।

बिजली वितरण कंपनी ने सर्वे का काम पूरा कर लिया है। टेंडर की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। चोटिया से 33 केवी लाइन खींचकर मोरगा के सब स्टेशन को चार्ज किया जाएगा। इसी तरह पाली क्षेत्र के लाफा में भी नया सब स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा। इसकी भी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

निर्माण पूरा होने में लगेगा 1 साल का समय- सब स्टेशन के निर्माण व 33 केवी लाइन खींचने में एक साल का समय लगेगा। अगले साल की गर्मी के सीजन के दस्तक देने तक यहां की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर कर लिया जाएगा। मोरगा के अलावा पतुरियाडांड, थूतीपुर, केंदई, गिद्धमुड़ी, मोरगा, क्षिरती, उचलेंगा, अरसिया, धजक, भूसली, भौंना, मदनपुर, पूटा सहित आसपास गांवों को लाभ मिलेगा।

## प्रदेश प्रभारी का नियत दौरा रद्द

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बलरामपुर।** बलरामपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार बलरामपुर जिले का प्रस्तावित दौरा जो पूर्व में कल दिनांक 19/04/2023 के लिए नियत किया गया था, उसे निरस्त किए जाने की सूचना प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्राप्त हुई है उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए सुनील सिंह ने बताया की सर्व संबंधित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के समस्त कार्यकर्ता व पार्टी पदाधिकारी से संवाद का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था जो अब पूर्व नियत तिथि को नहीं होगा।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश प्रभारी डॉक्टर चंदन यादव जी का दिनांक 19-04-2023 को प्रस्तावित बलरामपुर आगमन एवं विस्तारित बैठक अपरिहार्य कारणों से रद्द किया गया है।

# जेबीसीसीआई की बैठक में चेयरमैन बोले 19 एमजीबी हेतु रहें निश्चिंत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** मंगलवार को जेबीसीसीआई की 9 वीं बैठक बगैर किसी ठोस नतीजे के समाप्त हो गई। एक बात स्पष्ट हुई कि कोयला कामगारों को मिलने वाला कोई भी अलाउंस फ्रीज नहीं होगा। सीआईएल चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने आवश्वस्त किया कि 19 फीसदी एमजीबी को लेकर निश्चिंत रहें, इसे डीपीई से मंजूरी दिला दी जाएगी। जेबीसीसीआई की अगली बैठक मई में होगी।कोलकाता में आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता सीआईएल चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने की, लेकिन स्वास्थ्यगत कारणों से वे अपनी बात रख मीटिंग से चले गए। बैठक के प्रारंभ में यह सवाल उठाया गया कि 19 फीसदी एमजीबी को लेकर सरकार क्या कर रही है। चेयरमैन ने इसको लेकर निश्चिंत रहने को कहा। चेयरमैन श्री अग्रवाल ने कहा कि जब एमजीबी पर यूनियन और प्रबंधन के बीच सहमति बनी है तो यह लागू होगा, अन्यथा यह उनकी असफलता होगी। बैठक में चार्टर ऑफ डिमांड के पर चर्चा शुरू की गई, लेकिन बताया गया है प्रबंधन पूरी तैयारी के साथ नहीं बैठा था। कोयला कामगारों के मिलने वाला कोई भी अलाउंस फ्रीज नहीं होगा, इस पर सहमति बनाई गई है। प्रबंधन ने नर्सिंग अलाउंस 400-500 रुपए तक का प्रस्ताव रखा, लेकिन 600 की डिमांड की गई। अतिरिक्त ट्रांसपोर्ट सब्सिडी, अंडरग्राउंड अलाउंस, ओवरटाइम आदि बिन्दु बैठक में आए। बताया जा रहा है कि बैठक में यूनियन के बीच आपसी समन्वय की कमी दिखी। पांचों यूनियन अपनी-अपनी बात रख रहे थे। कोई प्रबंधन की हां में हां मिला रहा था तो कोई दूसरे यूनियन की बातों को क्रॉस कर रहा था। कुल मिलाकर जेबीसीसीआई की 9 वीं बैठक में भी कोई ठोस चर्चा और निर्णय नहीं हो सका।

सीटू नेता और जेबीसीसीआई सदस्य डीडी रामनंदन ने कहा कि किसी भी मुद्दे पर कोई ठोस सहमति नहीं बन सकी है। चेयरमैन ने 19 फीसदी एमजीबी को लेकर फिक्र नहीं करने कहा है। इंटक नेता और जेबीसीसीआई सदस्य एसक्यू जमा ने बताया कि उनके यूनियन द्वारा सीआईएल को पूर्व में प्रेषित किए गए एजेंडे को रखा गया। 10 वें वेज के कुछ बिन्दु, पेंशन, मेडिकल अनफिट, ठेका श्रमिकों के मुद्दे, फीमेल वीआरएस आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने किसी भी विषय पर ठीक से जवाब नहीं दिया। अधिकारी तैयारी के साथ नहीं आए थे। मई में दो दिवसीय बैठक बुलाने कहा गया है। पहले दिन यूनियन आपस में बैठ चर्चा करेंगे और दूसरे दिन प्रबंधन के साथ बैठक की जाएगी। इस पर अन्य यूनियन ने भी सहमति दी है।



# अप्रैल माह में ही पढ़ रही भीषण गर्मी, सड़को में सन्नाटा

**रायपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ में मार्च और अप्रैल की शुरुआत में सक्रिय सिस्टम के हटते ही तापमान ने लोगों को बेहाल कर दिया है. सुबह से ही सूरज की किरणें चुभने लगी हैं. दोपहर में सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है. बाजार में धीरे-धीरे भीड़ छंटती जा रही है. यह स्थिति तब है, जब तापमान अप्रैल के अपने अधिकतम स्तर पर नहीं पहुंचा है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक राजधानी रायपुर में ही अप्रैल में अब तक का सर्वाधिक तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस रहा है. यह स्थिति 30 अप्रैल 1942 की थी. वहीं, पिछले साल 29 अप्रैल को 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान था. 13 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस रहा. वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 15.4 डिग्री सेल्सियस का अंतर है. वहीं आर्द्रता 41 से 32 प्रतिशत के बीच है. हालांकि रायपुर के जलवायु लक्षण के मुताबिक यहां औसत आर्द्रता 42 से 23 प्रतिशत के बीच होती है. यानी 19 प्रतिशत का अंतर होता है. बता दें कि आर्द्रता कम होने पर ज्यादा गर्मी का अहसास होता है। राज्य के दूसरे शहरों की बात करें तो जगदलपुर में औसत आर्द्रता 56 से 36 प्रतिशत के बीच होती है. औसत अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस होता है. इसी तरह पेंड्रारोड में औसत अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस होता है. और्द्रता लगभग 34 से 24 प्रतिशत के बीच होती है।

राज्य के उत्तरी हिस्से अंबिकापुर की बात करें तो यहां अप्रैल महीने में औसत अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस होता है. औसत आर्द्रता 39 से 23 प्रतिशत होती है।

अप्रैल में सबसे गर्म रहा रायपुर रायपुर अप्रैल में सर्वाधिक तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस (30 अप्रैल 1942 को) 2022 में 29 अप्रैल को - 44.1 डिग्री सेल्सियस बिलासपुर अप्रैल में सर्वाधिक तापमान ङ्क 45.8 डिग्री सेल्सियस (19 अप्रैल 2010)



# पांच लाख का इनामी माओवादी विस्फोटक सहित गिरफ्तार, कई गम्भीर अपराधों में था शामिल

**बीजापुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान भैरमगढ़ माओवादी एरिया कमेटी सदस्य सहित अन्य माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर थाना जांगला के निरीक्षक धरमा राम तिर्की के नेतृत्व में जिला बल और सीआरपीएफ 222 बटालियन का संयुक्त बल फुलगट्टा की ओर निकली थी , इसी दौरान भैरमगढ़ माओवादी एरिया कमेटी सदस्य मीनू उर्फ मनोज को जवानों ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की संयुक्त पार्टी जैसे ही फुललोड पटेलपारा पहुंची तब जवानों को देख कर 4-5 लोग भागने लगे । पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर एक माओवादी को पकड़ कर पूछ ताछ किया ,उक्त व्यक्ति ने पूछ ताछ के दौरान अपना नाम मीनू कमलू उर्फ कलमुमी मनोज उर्फ डेंगा लछु उम्र 40 वर्ष, निवासी स्कुलपारा पल्लेवाया, भैरमगढ़ एरिया कमेटी का सदस्य होना बताया । जिस पर छत्तीसगढ शासन द्वारा 5 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था । पकड़े गए माओवादी के कब्जे से डेटोनेटर बरामद किया गया, वहीं सामान छोड़ कर भागे अन्य लोगों के झोले की तलाशी के दौरान 10 नग जिलेटिन, 5 नग डेटोनेटर, 5 नग कार्डेक्स वायर, 3 नग इलेक्ट्रिक स्विच, 100 मीटर इलेक्ट्रिक तार, हरा रंग का सेफ्टी फ्यूज 7 मीटर और चाकू बरामद हुआ । पकड़ा गया माओवादी कई गम्भीर घटनाओं में शामिल रहा ।

पकड़े गए माओवादी के विरुद्ध थाना जांगला में विधिवत कार्यवाही उपरांत न्यायिक रिमांड पर न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया ।

# पात्रता अनुसार राशन खाद्यान्न सामग्री का हो वितरण, शिकायत प्राप्त होने पर होगी कार्रवाई-कलेक्टर

## समय सीमा के लंबित आवेदनों का समय पर निराकरण करने के दिए निर्देश

**जिला चिकित्सालय में थायराइड के मरीजों हेतु 25 अप्रैल को किया जाएगा विशेष शिविर का आयोजन**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर टीएल के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा किए। उन्होंने सभी विभाग के लंबित प्रकरणों को समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, डीएफओ जितेन्द्र उपाध्याय, अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, श्रीमती लविना पाण्डेय, सभी एसडीएम सहित विभाग अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अंतर्गत् जिले में संचालित किए जा रहे शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राशन वितरण की स्थिति की जानकारी ली तथा सभी शासकीय राशन वितरण दुकान संचालक को, हितग्राहियों को पात्रता अनुसार राशन, खाद्यान्न सामग्री वितरण करने के लिए कहा है। उन्होंने खाद्यान्न सामग्री वितरण पर किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि 25 अप्रैल को थायराइड के मरीजों हेतु विशेष शिविर जिला चिकित्सालय में लगाया जा रहा है, जहां संगवारी संस्था से विशेषज्ञ डॉक्टर आएंगे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। सभी जरूरतमंद मरीज अपनी थायराइड की जांच रिपोर्ट के साथ विशेषज्ञों से सलाह ले सकते हैं। समय-सीमा की बैठक में उन्होंने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को योजना का लाभ पहुंचाना शासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने पहाड़ी कोरवा के गांव में जाकर जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए शिविर लगाने के कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने क्रेड़ा विभाग के अधिकारी को पहाड़ी कोरवा बस्ती सोलर संबंधी समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए है। इसके लिए उन्होंने रोस्टर तैयार करने के लिए कहा है और कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने माननीय मुख्यमंत्री के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान किए गए घोषणाओं के पूर्ण-अपूर्ण कार्यों की जानकारी ली तथा शेष कार्यों को समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम विभाग अंतर्गत श्रमिक पंजीयन कार्य की जानकारी ली तथा प्रसूति योजना के तहत श्रमिक पंजीयन बेहतर करने पर सराहना करते हुए नियमित एवं निरंतर करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने मजदूरी भुगतान भी समय पर करने के निर्देश दिए। बिजली विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि बिजली बिल ज्यादा आ रहे हैं तो उसका निराकरण कर कार्रवाई का करने के निर्देश दिए हैं।

## पटवारियों के सेवा पुस्तिका अद्यतन रखने के निर्देश दिए



**छ.ग.फ्रंटलाइन, जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व की लंबित प्रकरण, बंटाकन, सीमांकन, नामांतरण, आरबीसी 6-4 के प्रकरण, मुआवजा वितरण, भू-अर्जन के प्रकरणों, खाता विभाजन, स्वेच्छा अनुदान और भुमि-आबंटन की गहन समीक्षा किए और आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारियों के सेवा पुस्तिका, गोपनीय प्रतिवेदन, समयमान वेतनमान जैसे प्रकरणों का समन्वय स्थापित कर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय, अपर कलेक्टर, सभी एसडीएम और राजस्व अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। साथ ही पानी, बिजली और शौचालय सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने करने की बात कही। उन्होंने मतदाता सूची में फोटो का सही मिलान करके सूची अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ मित्तल ने जिले में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए तथा समय-समय पर समाज प्रमुखों से बैठक आयोजित करने के लिए कहा है।

## पुतली बाई के पक्के मकान का सपना हुआ साकार, आवास मिलने से परिवार भी है खुश

**पुतली बाई और परिवार वालों ने छत्तीसगढ़ शासन को दिया धन्यवाद**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव के दिशा-निर्देश में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जिले के हितग्राहियों को दिया जा रहा हैं। प्रत्येक व्यक्ति का एक सपना होता है कि स्वयं के लिए एक छांव की व्यवस्था हो जाय। अगर वहीं छांव पक्के हो रहे तो सोने पे सुहागा। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना के कारण जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आरा के निवासी पुतली बाई के पक्के मकान का सपना साकार हुआ है। पुतली बाई के पति का 2007 में देहांत हो गया। इसके बाद कोई आय का साधन ना होने के कारण आवास बना पाना पुतली बाई के लिए पहाड़ खोदने का काम था। हितग्राही का पुराना कच्चा मिट्टी एवं छप्पर वाला घर था। जिससके कारण गिरने का डर बना रहता था। पुतली बाई ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास सूची में उनका नाम शामिल में होने और शीघ्र पक्का आवास मिलने की जानकारी ग्राम पंचायत से मिलने पर उनके खुशी का ठीकाना नहीं रहा। पुतली बाई का 2018-19 में आवास आबंटित हुआ। पुतली बाई को आवास बनाने के लिए 1 लाख 30 हजार राशि मिली। इसके साथ ही मनरेगा के माध्यम से कुल 16 हजार 720 मजदूरी भुगतान भी प्राप्त हुआ। एस.ई.सी.सी. 2011 के सर्वे सूची एवं ग्राम पंचायत के ग्रामसभा में अनुमोदन उपरांत पीएमएवाई ग्रामीण योजनांतर्गत पक्के मकान मिलना पुतली बाई के लिए एक सपने की तरह था। पुतली बाई ने अपने तरफ से कुछ राशि लगाकर आवास का निर्माण कराया। जिस कारण आज पुतली बाई के साथ इनका एक बेटा, बहू और 2 नाती पक्के मकान में निवास कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें शासन जनकल्याणकारी योजना स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय प्राप्त हुआ है। जिससे वे कुशलतापूर्वक जीवन-यापन कर रहे हैं। उनकी स्वयं की मेहनत से मात्र गुजारा बस होता था। कच्चे मकानों में रहने से बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था जैसे हर वर्ष कच्चे आवास को मरम्मत करना पड़ता था, साथ ही खर्च भी होता था और बरसात में सॉंप-बिच्छू का डर बना रहता था। उन्होंने कहा कि जब से आवास मिला है उनका परिवार भी बहुत खुश हैं और अब वे निश्चित होकर काम-काज के लिए बाहर जाते हैं। आवास मिलने से पुतली बाई और इनके परिवार वालों ने खुशी जाहिर करते हुए छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

## जिले में तेजी से चल रहा है सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य

**अब तक 1 लाख 82 हजार से अधिक परिवारों का हुआ सर्वेक्षण, 17 दिनों में 1 लाख 82 हजार परिवारों तक पहुंची सर्वेक्षण टीम**





छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** जिले में छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के तहत अब तक 1 लाख 82 हजार 137 परिवारों का सर्वे कर लिया गया है। सर्वे की टीम द्वारा ग्राम पंचायतों व गांव में घर-घर जाकर प्राथमिकता से सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है, ताकि शीघ्रता से सर्वे कार्य पूरा हो सके। अब तक 17 दिनों में 1 लाख 82 हजार परिवारों तक सर्वे टीम पहुंच चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर विकासखंड में 15868, मनोरा में 12924, कुनकुरी में 20762, दुलदुला में 12498, फरसाबहार में 28345., बगीचा में 33130, कांसाबेल में 20165 एवं पत्थलगांव में 38445 परिवारों का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए ऑनलाइन हुआ है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकास खंडों के ग्रामों एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है। सर्वेक्षण के माध्यम से जिले के 444 ग्राम पंचायत के 756 ग्राम के लगभग 2 लाख 40 हजार 102 परिवारों का सर्वेक्षण किया जाएगा। इस हेतु जिले में 998 सर्वेक्षण टीम बनाया गया है। जो घर पहुंच कर सभी जानकारी ऑनलाईन कर रही है। जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, जनपद सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा सर्वेक्षण स्थलों में पहुंच कर सर्वे के कार्यों का लगातार जायजा लिया जा रहा है साथ ही सर्वे टीम को त्रुटिरहित डाटा ऑनलाइन करने की समझाइश दी जा रही है।

## जिला पंचायत सीईओ द्वारा निरंतर सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के कार्यो का किया जा रहा है अवलोकन

**लोदाम, खूंटीटोली, घोलेंग, गिनाबहार और जामचुआं के सर्वे टीम तक पहुंच कर की चर्चा सर्वेक्षण के कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** जिले में 01 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिले के सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव द्वारा निरंतर भ्रमण कर सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया जा रहा है। साथ ही सर्वे टीम को प्रोत्साहित कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सीईओ यादव ने आज जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लोदाम, ग्राम पंचायत जामटोली एवं आश्रित ग्राम खूंटीटोली, ग्राम पंचायत घोलेंग और कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गिनाबहार एवं जामचुआं के सर्वे कार्य का निरीक्षण किया और सर्वे टीम से चर्चा करके प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जामटोली में सर्वे टीम से चर्चा कर एक अतिरिक्त टीम लगाकर सर्वे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं साथ ही घोलेंग में छूटे हुए 10 घर को शीघ्रता से पूर्ण करने की बात कही।

## कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना की ली समीक्षा बैठक



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने समीक्षा के दौरान गोबर खरीदी, खाद बनाने में प्रगति, सोसायटी के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट खाद का विक्रय, गोबर खरीदी का भुगतान सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किए तथा सभी गतिविधियां नियमित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अच्छे गोबर खरीदी करने वाले गैठानों की सराहना की तथा जहां कम खरीदी हो हो रहे हैं प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, सभी जनपद पंचायत सीईओ और कृषि विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने गोबर खरीदी में प्रगति लाकर प्रविष्टि ईमानदारी से करने सख्त हिदायत दी है और कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के लिए कहा है। उन्होंने सोसायटी के माध्यम से खाद का विक्रय करवाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता के संबंध में सभी जनपद पंचायत सीईओ से जानकारी लेकर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ शतप्रतिशत देने के लिए कहा है। उन्होंने प्राप्त आवेदन पत्रों को सत्यापन कर शत प्रतिशत स्वीकृत, अस्वीकृत कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोबर खरीदी का भुगतान और वर्मी कम्पोस्ट खाद का भुगतान भी प्राथमिकता से करने के लिए कहा है।

## पं. नेहरू शा. आदर्श उ. मा. विद्यालय में प्रवेश हेतु 23 जून तक आवेदन आमंत्रित

**छ.ग.फ्रंटलाइन, जशपुरनगर।** पं.जवाहर लाल नेहरू शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा 6वीं, 7वीं, 9वीं एवं कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों में छात्रों के प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु इच्छुक छात्रों से 23 जून 2023 तक आवेदन मंगाए गए है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए विद्यालय में कक्षा 6वीं में 35, 7वीं में 02, 9 वीं में 04, 11 वीं में 04 रिक्त सीटों पर छात्रों का प्रवेश लिया जाएगा। शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर के प्राचार्य ने बताया कि रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र अपने विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय या शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में कार्यालयीन अवधि के दौरान आवेदन प्राप्त व जमा कर सकते है। उन्होंने बताया कि प्रवेश पत्र विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 23 जून 2023 तक प्राप्त किया जा सकेगा। इस हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 27 जून 2023 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में आयोजित की जाएगी। चयन सूची को प्रकाशन 30 जून 2023 को शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोड़काचौरा जशपुर में किया जाएगा। छात्रों को चयन परीक्षा के मेरिट के आधार पर कक्षाओं में प्रवेश दिया जाएगा।

## जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 02 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत कांसाबेल विकासखण्ड के ग्राम डण्डाजोर, निवासी स्व. दीपक खलखो की मधुमक्खी काटने से 20 सितम्बर 2021 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी नील सरिता खलखो हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार सन्ना विकासखण्ड के ग्राम इचौली, निवासी स्व. कुंवर साय पैकरा की आकाशीय बिजली से 26 अप्रैल 2020 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी श्रीमती बली बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।


न्यायालय तहसीलदार
अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला
क्रमांकः 202304020700117 / 202304020700117
विषयः— ब—121 मामले की श्रेणीः— राजस्व सन्ः— 2022—2023
अंबिकापुर प.ह.नं. 00015 {(हे0)}
पक्षकारो का विवरण—
आवेदक पक्षकार— बुदेश्वर प्रसाद,
आनावेदक पक्षकार —

ईश्तहार

आवेदक बुदेश्वर प्रसाद आ0 स्व0 मोहरसाय, निवासी जनपदपारा, अंबिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने पिता स्व0 मोहरसाय जो नगर पालिक निगम, अंबिकापुर में सफाई विभाग में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे, जिसकी मृत्यु सेवाकाल के दौरान दिनांक 26.12.2022 को हो जाने के कारण उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र अपर कलेक्टर, अंबिकापुर के न्यायालय में पस्तुत किया गया है जो जॉच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 17.05.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 13.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)



न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला—सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. 2023004021200043 / अ—20(3) / 2022—23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व—साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रितु जैन पत्नी राजकुमार जैन जाति जैन निवासी महामाया वार्ड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा मोहल्ला शीतला वार्ड नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 3372 / 19 रकबा 1520 वर्गफीट भूमि को अनावेदिका प्रतिभा सोनी पति प्रमोद सोनी जाति सोनार निवासी जाकिर हुसैन वार्ड बरेजपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास विक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ मेन्टेनेंश खसरा की छायाप्रति पेश की गई है। उक्त भू—खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15.05.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 13.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर



न्यायालय तहसीलदार
अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / ब—121 / 2022—23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप बोस आ0 सतीश चन्द्र बोस, निवासी सुभाषनगर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नम्बर 204 / 11 रकबा 0.640 हे0 में से 0.040 हे0 भूमि को अनावेदक चन्द्रकांत शर्मा आ0 पूनम चन्द्र शर्मा निवासी सलका जिला सूरजपुर छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपयें 10,00,000/— में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 10.05.2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय—सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 13.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
अम्बिकापुर, सरगुजा



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैयाथान, जिला सूरजपुर, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ—2 / 2022—23

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत मोहली को सूचित किया जाता है कि श्री रमेश कुमार पिता स्व. लगन साय निवासी मोहली के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं. 1007 रकबा 0.42 हे. में से 0.04 हे. जो ग्राम मोहली प.ह. नं. 17 रा.नि.मं. भटगांव तहसील भटगांव जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू—परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सम्बन्ध में ग्राम पंचायत मोहली के किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रति. निधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 04.5.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 18.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ.ग.)



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैयाथान, जिला सूरजपुर, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ—2 / 2022—23

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत रजबहर को सूचित किया जाता है कि सुशीला देवी पति स्व. धरमपाल निवासी दनवा के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं. 884 रकबा 0.27 हे. में से 0.04 हे. जो ग्राम रजबहर प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू—परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सम्बन्ध में ग्राम पंचायत रजबहर के किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रति. निधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 04.5.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 18.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ.ग.)


## बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन,जय हो जशपुर व रानी दुर्गावती फाउंडेशन के विशेष तत्वधान में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रौनी में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चों को बाल विवाह अपराध है इसके बहुत ही दुष्परिणाम होते हैं तथा इन सभी से बचाव के उपाय समस्त जानकारी दी गई साथ ही उनको 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के विषय में बताकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में रैली का आयोजन कर बाल विवाह को दूर कर शिक्षा का दीप जलाएं नारे के माध्यम से बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से लेकर रौनी चौक तक रैली का आयोजन कर नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में जय हो जशपुर के जिला समन्वयक अनिल बघेल, मोहर सिंह शास्त्री व्याख्याता शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अवधूत प्रजापति समन्वयक अंजेला तिर्की,सत्य प्रकाश यादव पुशनी बाई, शालिनी गुप्ता अंजनी पूनम मनीषा काजल रोशनी नीलेश जय हो वॉलिंटियर व रानी दुर्गावती फाउंडेशन की टीम उपस्थित रहे व कार्यक्रम में सहभागिता निभाएं।




न्यायालय तहसीलदार
अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला
क्रमांकः 202303020700255 / 202303020700255
विषयः— ब—121 मामले की श्रेणीः— राजस्व सन्ः— 2022—2023
बिशुनपुर प.ह.नं. 00019 {(हे0)}
पक्षकारो का विवरण—
आवेदक पक्षकार— जयप्रकाश लाल,
आनावेदक पक्षकार— छ.ग. शासन,

ईश्तहार

आवेदक जय प्रकाश लाल आ. स्व. सत्यनारायण लाल, निवासी केदारपुर, अंबिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम बिशुनपुर, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 38 / 6 रकबा 1.942 हे भूमि का नक्शा सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 10.05.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)


## जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत कांसाबेल विकासखण्ड के ग्राम जुमईकेला निवासी स्व. अघन राम की तालाब के पानी में डूबने से 27 अप्रैल 2021 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी झिरमेत हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

चिंतन

# यूपी की पुलिस व्यवस्था पर उठते अनेक सवाल

उत्तर प्रदेश में सौ से अधिक आपराधिक मामले के आरोपित माफिया डॉन अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ की हत्या यूपी पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करती है। यूपी पुलिस अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से पूछताछ के लिए प्रयागराज लेकर आई थी, इसलिए अतीक यूपी पुलिस की सुरक्षा में था, उसकी सुरक्षा यूपी पुलिस की जिम्मेदारी थी।। जिस समय हत्या हुई, उस वक्त वहां पर पुलिस मौजूद थी। पुलिस अपनी सुरक्षा में ही अतीक व उसके भाई अशरफ को मेडिकल चेकअप के लिए ले जा रही थी। बड़ा सवाल है कि मेडिकल के लिए ले जाने जैसी जानकारी हत्यारों तक कैसे पहुंची? पुलिस ने अतीक व उसके भाई को ही मेडिकल चेकअप के लिए ले जाने की जानकारी ऐन मौके पर दी थी, तो आखिर सूचना लीक कैसे हुई? क्या पुलिस को अंदेशा नहीं था कि अतीक पर हमला हो सकता है? इस हत्या ने उत्तर प्रदेश की सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार पर विपक्ष को हमले का मौका दे दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, मायावती और असदुद्दीन ओवैसी ने इस हत्या की कड़ी आलोचना की है और योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सीएम योगी की सरकार यूपी से अपराध का सफाया करने के लिए अभियान चला रही है, इससे किसी को विरोध नहीं है, लेकिन अतीक व उसके भाई की हत्या के बाद यूपी पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के कटघरे में आ गई है। सरकार संवैधानिक दायरे में ही काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कानून व्यवस्था सुधारने व अपराधियों में डर पैदा करने के नाम पर कोई भी सरकार मनमानियां नहीं कर सकती है। अतीक का इस तरह अंत होगा, ऐसा किसी ने सोचा नहीं होगा, न खुद अतीक ने व न यूपी पुलिस ने। इतनी सुरक्षा के बावजूद हमलावरों का अतीक अहमद व उसके भाई तक इतनी आसानी से पहुंचना संदेह पैदा करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद कानून के राज के हिमायती हैं, इसके बावजूद उनकी सरकार की ही अतीक की सुरक्षा में तैनात पुलिस इतनी लापरवाह हो, यह कल्पना से परे है। बेशक मुख्यमंत्री योगी ने तत्परता दिखाते हुए जांच आयोग गठित कर दी है, पुलिस के आला आधिकारियों को तलब किया है, लेकिन इससे यूपी पुलिस की इतनी बड़ी लापरवाही कम नहीं होती है, उसकी साख नहीं लौटेगी। इस घटना के बाद से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था और यूपी पुलिस पर सवाल उठने लाजिमी ही है। दो दिन पहले ही अतीक के बेटे असद व उसके सहयोगी अपराधी की पुलिस मुठभेड़ में जान चली गई थी, इस मुठभेड़ पर भी सवाल उठ रहे थे, अभी जांच हुई भी नहीं थी, और अब अतीक व उसके भाई की पुलिस के सामने हत्या ने यूपी की कानून व्यवस्था की हवा निकाल दी है। विपक्षी दलों का सवाल उठाना लाजिमी ही है कि फिर कानून व्यवस्था का क्या मतलब है? अगर पुलिस सुरक्षा में लाए गए व्यक्ति भी सुरक्षित नहीं है, तो यह पुलिस तंत्र की साख के लिए चिंता की बात है। यूपी पुलिस पर आखिर जनता कैसे भरोसा करेगी कि वह महफूज है? यह सुनियोजित हत्या हो सकती है, इसलिए इसकी जांच गंभीरता से होनी चाहिए। साजिश का पर्दाफाश जरूरी है। सुरक्षा में लापरवाही के जिम्मेदार पुलिस कर्मियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यूपी सरकार को समूची पुलिस व्यवस्था की समीक्षा करनी चाहिए, ताकि फिर ऐसी घटना न हो। उत्तर प्रदेश सरकार के लिए जरूरी है कि पुलिस पर जनता का विश्वास बना रहना चाहिए।

# समग्र संवाद है मन की बात



विश्लेषण
अनुराग सिंह ठाकुर

मन की बात को एक सामाजिक क्रांति के रूप में देखा जा रहा है। इस देशव्यापी कार्यक्रम को जनभागीदारी से ठोस आधार प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम की परिकल्पना और कार्यान्वयन, नागरिकों के साथ जुड़ाव और भागीदारी के विचार पर आधारित है, जो कार्यक्रम के नाम से लेकर विषयों की पसंद और लोगों द्वारा सक्रियता से काम करने के आह्वान तक से परिलक्षित होते हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल करते हैं। 'मन की बात' का प्राथमिक उद्देश्य भारत के प्रधानमंत्री और देश के बीच सीधा संपर्क बनाना है। भारत की टीके की कहानी की सफलता का श्रेय काफी हद तक 'मन की बात' को जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सार्वभौमिक रूप से एक असाधारण प्रतिभा के धनी वक्ता के रूप में स्वीकार किया जाता है, जो जनता के साथ तत्काल संवाद-संबंध स्थापित कर सकते हैं। उनकी वक्तृत्व कला, इस क्षमता का केवल एक उदाहरण है। जिस लगन के साथ वे बोलते हैं और पिछले आठ वर्षों में उन्होंने लोगों के साथ जो विश्वास-आधारित संवाद संबंध बनाए हैं, वे सभी मिलकर, जनसंचारक के रूप में उनकी सफलता में योगदान देते हैं। उनके समावेशी दृष्टिकोण को देश के सभी भागों में अभूतपूर्व स्वीकृति मिली है। यह पीएम मोदी के विकास का लोक-केंद्रित मॉडल है, जिसने उन्हें बड़ी संख्या में आम लोगों का प्रिय बना दिया है। लोगों के साथ निरंतर संवाद, जिसे हम 'मन की बात' के रूप में जानते हैं, से जुड़े उनके विचार को गैर-अभिजात्य या साधारण स्तर का कहा जा सकता है। 'मन की बात' कार्यक्रम को अक्टूबर 2014 में लॉन्च किया गया था। यह महीने के अंतिम रविवार के दिन के लिए नियत किया गया है। यह एक रेडियो वार्ता के रूप में शुरू हुआ था; लेकिन अब इसे एक साथ विभिन्न प्लेटफार्मों पर कई भाषाओं में प्रसारित किया जाता है।

मन की बात से पता चलता है कि मोदी के दो व्यक्तित्व हैं-मजबूत, शक्तिशाली और उद्देश्यपूर्ण प्रधानमंत्री मोदी तथा नम्र, दयालु और नेक अभिभावक। यदि आप आंख बंद करके 'मन की बात' सुनें, तो आप सोचेंगे कि मोदी गांव की चौपाल पर बैठे हैं, लोगों से बातचीत कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों के साथ अपनी बातचीत साझा की, जिन्होंने बहादुरी से अपने प्रियजनों के अंग दान करने के फैसले किये थे। मोदी ने उस बातचीत का उपयोग अंगदान के नेक विचार को बढ़ावा देने के लिए किया। ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जिनमें जलवायु की विपरीत स्थितियों से निपटने से लेकर स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े सामान्य लोगों के अच्छे कार्यों के लिए उन्हें उदार मन से बधाई देना आदि शामिल हैं। 'मन की बात' अनिवार्य रूप से वास्तविक जीवन की कहानियों और अनुभवों के बारे में है। ऐसी कहानियां, जो वास्तविक भारत को दर्शाती हैं और लुटियंस दिल्ली की संकीर्ण सीमाओं से परे हैं। मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्टूबर, 2014 को प्रसारित किया गया था। यह 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड पूरे करेगा। मन की बात अपनी विषय वस्तु, डिजाइन, बातचीत और आम लोगों तथा समग्र रूप से समाज के साथ संवाद करने के अभिनव तरीके के मामले में अद्वितीय है। 262 रेडियो स्टेशनों और 375 से अधिक निजी और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ दुनिया के सबसे बड़े रेडियो नेटवर्क 'ऑल इंडिया रेडियो' के माध्यम से, भारतीय प्रधानमंत्री सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से विभिन्नता वाली विशाल आबादी तक पहुंचते हैं, उन्हें न केवल सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों पर, बल्कि जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संकट जैसी चुनौतीपूर्ण समस्याओं पर भी प्रेरित व सक्रिय करते हैं, जिनका दुनिया आज सामना कर रही है। भारतीय लोक प्रसारक, प्रसार भारती मन की बात का अनुवाद और प्रसारण 52 भाषाओं/बोलियों में करता है, जिसमें 11 विदेशी भाषाएं शामिल हैं, ताकि देश के सबसे दूर-दराज क्षेत्रों से लेकर विदेशों में रहने वाले भारतीयों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित हो सके।



मन की बात भारत का पहला वर्चुअल रूप से समृद्ध रेडियो कार्यक्रम है, जिसे टीवी चैनलों द्वारा एक साथ प्रसारित किया जाता है। दूरदर्शन नेटवर्क के 34 चैनल और 100 से अधिक निजी सैटेलाइट टीवी चैनल इस अभिनव कार्यक्रम को देशभर में प्रसारित करते हैं, जो संचार के इस पारंपरिक माध्यम के प्रति एक नई रुचि और जागरूकता पैदा करते हैं। फरवरी 2022 से हर महीने विशेषज्ञों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अग्रणी व्यक्तियों के लेखों के साथ एक स्मार्ट तरीके से तैयार पुस्तिका भी प्रकाशित की जा रही है, जो डिजिटल रूप से 60 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंचती है। इतने व्यापक प्रभाव के साथ, मन की बात को एक सामाजिक क्रांति के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम को जनभागीदारी से ठोस आधार प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम की परिकल्पना और कार्यान्वयन, नागरिकों के साथ जुड़ाव और भागीदारी के विचार पर आधारित है, जो कार्यक्रम के नाम से लेकर विषयों की पसंद और लोगों द्वारा सक्रियता से काम करने के आह्वान तक से परिलक्षित होते हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल करते हैं। प्रत्येक एपिसोड व्यक्तियों की परिवर्तनकारी शक्ति में प्रधानमंत्री के अटूट विश्वास के आधार पर तैयार किया जाता है और शासन में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री देशभर के लाखों लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में सफल रहे हैं। वे इस प्लेटफार्म का देश के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करने में उपयोग करते हैं और राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी चाहते हैं।

'मन की बात' का प्राथमिक उद्देश्य भारत के प्रधानमंत्री और देश के नागरिकों के बीच सीधा संपर्क बनाना है। हर महीने, प्रधानमंत्री को देशभर से लाखों पत्र मिलते हैं, जिस पर वे कार्यक्रम के दौरान प्रकाश डालते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री का लोगों से टेलीफोन पर बातचीत करना भी असामान्य बात नहीं है। निर्वाचित नेता और जनता के बीच संचार का ऐसा तरीका लोकतंत्र और शासन में लोगों के विश्वास को काफी मजबूत करता है। बदलाव लाने वालों की प्रेरक कहानियां इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में से एक हैं, जो निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं, जो न केवल उनके लिए काम करते रहने के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाते हैं। अपनी शुरुआत से लेकर, 'मन की बात' पूरे देश में समुदायों को शामिल करने वाले सामाजिक आंदोलनों को उत्प्रेरित करने वाले जन आंदोलन के एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरा है। 'मन की बात' के 88वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और नागरिकों से अपने इलाके में अमृत सरोवर बनाने का आग्रह किया। कुछ महीनों के भीतर, प्रधानमंत्री का यह संदेश एक जन आंदोलन में परिवर्तित हो गया और देशभर में कई अमृत सरोवर तैयार हो गए, जो स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र के सरकारी निकायों की मदद से बनाए गए थे। इसके बाद, 92वें एपिसोड में, प्रधानमंत्री ने नागरिकों के त्वरित प्रयासों की सराहना की, क्योंकि उन्होंने उत्तर प्रदेश के ललितपुर में भगत सिंह अमृत सरोवर और कर्नाटक के बिलकेरूर में अमृत सरोवर जैसे विभिन्न अमृत सरोवरों के बारे में चर्चा की। संकट के समय में भी, इस कार्यक्रम ने लोगों को सूचित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदाहरण के लिए इसने कोविड महामारी के दौरान लोगों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और उन्हें टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। भारत की टीके की कहानी की सफलता का श्रेय काफी हद तक 'मन की बात' को जाता है। यही हमारे जीवन में 'मन की बात' कार्यक्रम की प्रासंगिकता और इसके महत्व का पर्याप्त प्रमाण है।

(लेखक केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जयंती विशेष
अरविंद जयतिलक



# समाजवाद के प्रखर अनुयायी चंद्रशेखर

समाजवाद के प्रखर अनुयायी चंद्रशेखर का स्पष्ट मानना था कि गैर-बराबरी को खत्म किए बिना समतामूलक समाज का निर्माण संभव नहीं है। इसके लिए उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था को खत्म कर समाजवादी व्यवस्था की स्थापना पर बल दिया। वे डॉ. लोहिया के इस विचार से पूरी तरह सहमत थे कि 'पूंजीवाद कम्युनिज्म की तरह ही जुआ, अपव्यय और बुराई है और दो तिहाई विश्व में पूंजीवाद पूंजी का निर्माण नहीं कर सकता। वह केवल खरीद-फरोख्त ही कर सकता है जो हमारी स्थितियों में महज मुनाफाखोरी और कालाबाजारी है।' सच कहें तो चंद्रशेखर राष्ट्रवादी होने के साथ मानवतावादी भी थे। उनकी अवधारणा एक ऐसे समाजवादी समाज के निर्माण की थी जहां भय, भूख और भ्रष्टाचार न हो। चतुर्दिक सुख और समृद्धि का प्रसार हो। सैकड़ों साल बाद भारतीय समाज का स्वरूप, चरित्र एवं चिंतन की व्याख्या का दायरा और उसके मूल्यों को मापने व परखने का मापदंड क्या होगा इसकी भविष्यवाणी आज संभव नहीं है, लेकिन जब भी असमानता और अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़े होने वाले शिल्पकारों का इतिहासपरक मूल्यांकन होगा उस परिधि में समाजवाद के महानायक चंद्रशेखर सहज रूप से याद आएंगे। चंद्रशेखर का जन्म 1927 में पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी के एक किसान परिवार में हुआ। उनकी स्कूली शिक्षा भीमपूरा के रामकरन इंटर कालेज में हुई। उन्होंने स्नातकोत्तर की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूरी की। युवा तुर्क कहे जाने वाले चंद्रशेखर विद्यार्थी राजनीति जीवन के समय ही एक फायरब्रांड नेता के रूप में स्थापित हो चुके थे। वे राष्ट्रीय व विदेशी मसलों पर खुलकर गहन-गंभीर विचार व्यक्त करते थे और युवाओं को प्रेरित करते थें वे कॉलेज के दिनों से ही सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों में हिस्सा लेते थे और आगे बढ़कर उसकी अगुवाई करते थे। प्रारंभ से ही उनका रुझान समाजवाद की ओर था। नतीजतन वे शीघ्र ही छात्र जीवन के बरक्स समाजवादी राजनीति की धुरी बन गए। 1951 में वे सोशलिस्ट पार्टी के वर्कर बन गए, लेकिन जब सोशलिस्ट पार्टी में फूट पड़ी तो वे कांग्रेस में चले गए। वे 1962 से 1977 तक राज्यसभा के सदस्य रहे। 1984 में भारत की पदयात्रा कर भारत की चिरंतन संस्कृति और सभ्यता को समझने की कोशिश की। उनकी इस पदयात्रा ने देश के तमाम शीर्षस्थ नेताओं के मन में हलचल पैदा कर दिया। कहा तो यह भी जाता है कि उनकी पदयात्रा से उपजी लोकप्रियता से इंदिरा गांधी भी डर गई। उनकी लोकप्रियता से उनके समकालीन नेता चिढ़ने लगे, जबकि वे अच्छी तरह जानते थे कि चंद्रशेखर का उद्देश्य समाजसेवा है न कि सत्ता में भागीदारी। 1975 की इमरजेंसी के बाद जब 1977 में जनता पार्टी की सरकार बनी तो सभी दिग्गज नेताओं ने मंत्रिपद स्वीकारा, लेकिन चंद्रशेखर ने मंत्री पद नहीं लिया। उन्होंने समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद लेना स्वीकार किया। वे पहली बार 1977 में बलिया जिले से लोकसभा के सदस्य चुने गए। वर्ष 1990 में उन्हें प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला जब उनकी ही पार्टी के विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भाजपा के समर्थन वापस लेने के उपरांत अल्पमत में आ गई। चंद्रशेखर के नेतृत्व में जनता दल में दो फाड़ हो गया। 64 सांसदों का धड़ा अलग हुआ। राजीव गांधी ने चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव दिया, लेकिन वे इसके लिए शीघ्र तैयार नहीं हुए। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार में शामिल होगी तभी वे सरकार का नेतृत्व करेंगे। राजीव गांधी ने भरोसा दिया कि दो महीने बाद कांग्रेस भी सरकार में शामिल होगी। लिहाजा चंद्रशेखर सरकार बनाने के लिए तैयार हो गए। अपने वादे के मुताबिक कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हुई और प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को अपने इशारे पर नचाने की कोशिश की, लेकिन चंद्रशेखर ने कांग्रेस के इशारे पर चलने से मना कर दिया। लिहाजा कांग्रेस ने सात महीने बाद ही उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया। कांग्रेस के समर्थन वापसी से भले ही चंद्रशेखर का पद चला गया लेकिन जनमानस में उनका कद जरूर बढ़ गया। समाज में व्याप्त विषमता से उत्पन जिस हलाहल को डॉ. लोहिया ने पीया उसी पीड़ा को कई वर्षों बाद चंद्रशेखर ने भी पिया और जिया। उन्होंने सामाजिक गैर-बराबरी को समाप्त करने लिए परंपरागत मूल्यों को हथियार बनाने के बजाए उसे ही निशाने पर रखा।



## धरती को रखना है अक्षय



*'सर्वत्र शुक्ल पुष्पाणि प्रशस्तानि सदार्चने। दानकाले च सर्वत्र मंत्र मेत मुदीरयेत।'*
भविष्य पुराण के अनुसार, इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। सतयुग और त्रेता युग का प्रारंभ इसी तिथि से हुआ है। भगवान विष्णु का नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम के रूप में अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था। इस दिन भगवान बद्रीनाथ की



संकलित
दर्शन

प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। अक्षय तृतीया को ही महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ था और सत्य की स्थापना के साथ एक महान भारत के दर्शन हुए थे। द्वापर युग का समापन भी इसी दिन हुआ था। अद्भुत संयोग है कि अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर विश्व पृथ्वी दिवस भी है। यह समय अपनी धरती माता से जुड़ने का है, ताकि हम पर्यावरण की चुनौतियों यथा जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण को कम करने के साथ ही जैवविविधता को जानें, समझें और जियें। धरती है तो हम हैं। धरती ही हमारा खरा सोना है, इसलिए हमें अपनी धरती माता के महत्व को समझना होगा। हमें अपनी प्रकृति और पृथ्वी के साथ सद्भावयुक्त एवं मानवतापूर्ण व्यवहार करना होगा। इसके लिए अपनी जीवनशैली और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करना होगा। पृथ्वी हम सभी का एक समृद्ध और सुरक्षित घर है। पृथ्वी की सुरक्षा का अर्थ है हम सब की सुरक्षा। इसलिए हम पृथ्वी, प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहकर ही उनकी रक्षा कर सकते हैं।

## अधिकार होने पर ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत



बाबा साहब आंबेडकर को गुस्सा बहुत कम आता था, लेकिन एक दिन उन्हें अपने बेटे यशवंत राव पर बहुत गुस्सा आ रहा था। ये घटना 1943 की है। उस समय बाबा साहब वायसराय की काउंसिल में श्रम और पीडब्ल्यूडी विभाग के मंत्री बने थे। वे हर काम पूरी ईमानदारी से करते थे। डॉ. आंबेडकर के बेटे यशवंत राव से एक बड़े ठेकेदार ने



संकलित
प्रेरणा

संपर्क किया। दरअसल, वह ठेकेदार गलत तरीके से कोई सरकार की ओर से बड़ा काम लेना चाहता था। यशवंत राव ठेकेदार की बातों में आ गए। दोनों के बीच ये बात तय हुई थी कि निर्माण का बड़ा काम उस ठेकेदार को मिल जाएगा तो वह यशवंत राव को कमीशन देगा। युवा यशवंत का मन भटक गया, पैसों की ओर आकर्षित हो गया। यशवंत ने अपने पिता से कहा, 'आप ये काम इस ठेकेदार को दे दीजिए, इसके लिए हमें कमीशन मिल जाएगा।' जब ये बात बाबा साहब को मालूम हुई तो उन्होंने गुस्सा में कहा कि मैं यहां राष्ट्र सेवा के लिए बैठा हूं, तुम जैसी संतान पालने के लिए नहीं। कर्तव्य सबसे महत्वपूर्ण है, इसके लिए परिवार के सदस्यों की आकांक्षाओं पर नियंत्रण होना चाहिए। अगर मैं तुम्हारी बात मानता हूं तो मैं बहुत बड़ा अपराध करूंगा। आज के बाद ऐसी बात खुद भी कभी मत करना और मेरे सामने भी मत लाना। जब हमारे पास बड़ा पद और अधिकार हों तो हमें ज्यादा सतर्क रहना चाहिए। बड़े पद पर कई तरह के प्रलोभन मिलते हैं, लेकिन हमें किसी गलत काम में नहीं उलझना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### कोरोना से सतर्क रहने की जरूरत

देशभर में क्या, दुनिया भर में ही कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं और इस महामारी ने लोगों के बीच दहशत फैला दी है। भारत की बात करें तो पिछले 24 घंटे में ही 29 लोग कोरोना से मारे गए हैं, जबकि नए मरीजों की संख्या 11 हजार से पार हो चुकी है। यह आंकड़ा दहशत फैलाने के लिए काफी है। ऐसे हालात में लोगों को अब सचेत हो जाना चाहिए। मास्क का प्रयोग और भीड़ से बचना, दो ऐसे उपाय हैं, जो अब बहुत जरूरी हो गए हैं। सोशल डिस्टेंसिंग भी बहुत जरूरी है। अगर हमें स्वस्थ रहना है तो हमें इन दो उपायों को अपनी आदत में शामिल कर लेना चाहिए। पूरे देश में कोरोना के काफी मामले सामने आ रहे हैं। सरकार ने भी इससे बचने के लिए लोगों को सचेत कर दिया है।

*-राहुल शर्मा, दुर्ग*

### ट्रेंड

#### सूडान के लोगों के साथ



मैं सूडान में रैपिड सपोर्ट फोर्सेस व सशस्त्र बलों के बीच लड़ाई की निंदा करता हूं। मैं एयू और क्षेत्र के नेताओं के साथ बातचीत कर रहा हूं। यूएन लोकतांत्रिक परिवर्तन बहाल करने के प्रयासों में सूडान के लोगों का समर्थन करने का समर्थन करता है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

#### सभी का समान अधिकार



आज जीवित सभी 8 अरब मनुष्य भाई-बहन हैं। हम शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से समान हैं। हम सभी सुखी जीवन जीना चाहते हैं और दुखों से बचना चाहते हैं और हम सभी को उस इच्छा को पूरा करने का अधिकार है।

-दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु

# आज का राशिफल

मेष राशिफल : दिनचर्या को व्यवस्थित रखने से बेहतर नतीजे मिलेंगे. पिछली गलतियों से सबक लेकर वर्तमान को बेहतर बनाने का प्रयास होगा तथा आप उचित आत्मविश्वास के साथ एक नई शुरूआत करेंगे. खुद को भावनात्मक रूप से भी मजबूत महसूस करेंगे. दूसरों की गतिविधियों का अनुसरण करना नुकसानदायक रहेगा. इसलिए अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें.

वृषभ राशिफल : यह समय थोड़ा संभलकर भी चलने का है. किसी भी प्रकार की बाहरी गतिविधियों में आवाजाही से परहेज रखें. क्योंकि फायदा नहीं होगा बल्कि समस्याएं ही आएंगी. बेहताशा खर्चा बढ़ने से इसका असर आपकी सुकून और नींद पर भी पड़ सकता है. किसी नए काम को शुरू करने के लिए अभी उचित समय नहीं है. मार्केटिंग संबंधी कार्य में अपना ध्यान विशेष रूप से केंद्रित रखें. उचित आर्डर मिल सकते हैं.

मिथुन राशिफल : घर में अनुशासन और उचित व्यवस्था बनाए रखने में आपका खास योग विशेष योगदान रहेगा. साथ ही आप अपनी कार्यप्रणाली को भी बेहतर बनाएंगे जिससे आपको उचित उपलब्धियां भी हासिल होगी. आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो जाएगी. ध्यान रखें कि छोटी सी लापरवाही की वजह से बड़ा नुकसान हो सकता है.

कर्क राशिफल : आज पारिवारिक सुख-सुविधाओं को लेकर दिल खोलकर खर्च करेंगे. धार्मिक स्थान में भी आपका सेवा संबंधी कोई योगदान रहेगा. जिससे मानसिक सुकून और शांति महसूस होगी. कोई अटका हुआ सरकारी काम भी हल होने की संभावना है किसी अन्य व्यक्ति की वजह से परिस्थितियां कुछ प्रतिकूल हो सकती हैं, इसकी वजह से आपके स्वभाव में तनाव व चिड़चिड़ापन रहेगा.

सिंह राशिफल: रुपए-पैसे के मामले में किसी पर भी आंख मूंदकर विश्वास ना करें. साथ ही फिजूलखर्ची पर भी कटौती करें. विद्यार्थियों तथा युवा वर्ग को अपने करियर संबंधी गतिविधियों पर और अधिक ध्यान देने की जरूरत है. मार्केटिंग तथा मीडिया से संबंधित काम बेहतरीन तरीके से संपन्न हो जाएंगे. दूरदराज के क्षेत्रों से भी उचित संपर्क स्थापित होंगे.

कन्या राशिफल : किसी नजदीकी रिश्तेदार के साथ किसी प्रकार की कहासुनी हो सकती हैं. इसलिए अपने गुस्से व आक्रोश पर काबू रखें. तथा शांतिपूर्ण तरीके से समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करें. युवा वर्ग लापरवाही की वजह से अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं. व्यवसायिक स्थल पर प्रतिस्पर्धा की स्थिति बनी रहेगी. परंतु साथ ही सहयोगियों तथा कर्मचारियों की मेहनत और सहयोग से रुकी हुई गतिविधियां दोबारा शुरू होगी, और सफलता भी मिलेगी. नौकरी पेशा व्यक्तियों का अपने उच्चाधिकारियों के साथ मेलजोल सकारात्मक रहेगा.

तुला राशिफल : दिन की शुरूआत में कुछ दिक्कतें आएंगी परंतु आप अपनी योग्यता और प्रतिभा द्वारा परिस्थितियों का हल निकालने में सक्षम रहेंगे. स्वयं का विकास करने के लिए व्यर्थ की गतिविधियों से ध्यान हटाकर अपने कार्यों में व्यस्त रहें. समस्याओं को सुलझाने में शांतिपूर्ण तरीका अपनाएं.किसी की भी चिकनी चुपड़ी बातों में ना आएं, अन्यथा अपने फायदे के लिए आपका नुकसान कर सकता है.

वृश्चिक राशिफल : बेहतर व्यक्तित्व पाने के लिए कुछ समय एकांत में बैठकर अपने जीवन के मापदंडों पर गौर करें. नजदीकी मित्रों व रिश्तेदारों के साथ संबंधों में कड़वाहट ना आने दे. लापरवाह तथा क्रोध पूर्ण रवैया जैसी इन कमियों में सुधार लाएं. व्यवसाय में अपनी योजनाओं को पूर्ण रूप से क्रियान्वित करने में कुछ अड़चनें आ सकती हैं. यह समय शांतिपूर्ण तरीके से ही व्यतीत करने का है. सहकर्मियों की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें.

धनु राशिफल : निकट संबंधियों के साथ मधुर संबंध बनाकर रखें. बच्चों की किसी नकारात्मक गतिविधि का पता चलने से मन कुछ परेशान रह सकता है. गुस्से और आवेश में आने के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से समस्याओं को सुलझाएं. पब्लिक रिलेशन आपके लिए व्यवसाय संबंधी नए स्त्रोत उत्पन्न कर सकते हैं इसलिए लोगों के संपर्क में रहें. इंपोर्ट-एक्सपोर्ट से जुड़े व्यवसाय अभी मंद ही रहेंगे. ऑफिस में व्यक्ति किसी के साथ वाद-विवाद जैसी स्थिति बन सकती है.

मकर राशिफल : दिन की शुरूआत किसी सुखद समाचार से ही होगी. पिछले काफी समय से व्यस्तता से आज कुछ राहत भी मिलेगी. धार्मिक तथा आध्यात्मिक कार्यों के प्रति आपकी आस्था आपके व्यवहार में भी सकारात्मक परिवर्तन लाएगी. ध्यान रखें कि जल्दबाजी में कोई फैसला गलत भी हो सकता है. इस समय बड़ा नुकसान होने की स्थिति बन रही है. घर के बुजुर्गों के मान सम्मान में किसी भी प्रकार की कमी ना करें. उनकी नाराजगी से घर का वातावरण खराब हो सकता है.

कुंभ राशिफल : प्रयासों से आय के साधनों में सुधार आएगा. तथा आर्थिक गतिविधियां सुद्रण बनेगी. किसी भी योजना को बनाने से पहले जल्दबाजी ना करके उस पर पूरी तरह विचार विमर्श अवश्य करें. इससे आप उचित अंजाम दे पाएंगे. व्यर्थ की गतिविधियों और खर्चों की अधिकता बनी रहेगी. भावुकता में निर्णय लेना आपके लिए नुकसानदेह रहेगा.

मीन राशिफल : से भी वादा करने से पहले सुनिश्चित कर लें कि आप निभा पाएंगे. अपने ऊपर अतिरिक्त कार्यभार ना लें. इस समय बच्चों का भी उचित मार्गदर्शन करना जरूरी है. अपने परिवार के लिए समय जरूर निकालें.



## साउथ स्टार सूर्या ने फैंस के बीच बढ़ाई हलचल, 'कंगुवा' का वीडियो किया शेयर

**चेन्नई।** साउथ के जाने-माने स्टार सूर्या शिवकुमार अपनी 42वीं फिल्म को लेकर लगातार चर्चओं में बने हुए हैं। हाल ही में इस फिल्म का नाम सामने आया। इस फिल्म का नाम 'कंगुवा' रखा गया है। सूर्या ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टाइटल लुक शेयर किया। जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। उन्होंने फिल्म से जुड़ा एक वीडियो भी शेयर किया है, जो काफी शानदार है। सूर्या ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक मिनट 13 सेकंड का लंबा टीजर वीडियो साझा किया। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, 'इस शक्तिशाली गाथा पर शिव और टीम के साथ काम करने में बेहद खुशी। टाइटल लुक शेयर करते हुए खुशी हो रही है। फिल्म का टाइटल अनाउंसमेंट वीडियो भी काफी शानदार है। इस वीडियो को देखकर बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख इसे शेयर करने से खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने वीडियो और साउंड ट्रैक की तारीफ की है।

**लाइफ Style**

## राधिका मदान 'सना' का डंका



राधिका मदान की अपकमिंग फिल्म 'सना' को 11 मई से 14 मई तक आयोजित होने वाले 23वें न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। यह नॉर्थ अमेरिका का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल है, जिसमें भारत और प्रवासी भारतीयों के सिनेमा को दिखाया जाता है। इसका उद्देश्य वैश्विक भारतीय समुदाय से सिनेमा का जश्न मनाना होता है।

**मुंबई।** फिल्म 'सना' की बात करें तो इसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया ने किया है। राधिका मदान स्टारर इस मूवी में 28 साल की महिला की कहानी देखने को मिलेगी, जो अनसुलझे ट्रॉमा की वजह से कई आंतरिक लड़ाई से जूझती है। वहीं, फिल्म को 23वें न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक सलेक्शन मिलने से इसके डायरेक्टर सुधांशु सरिया बेहद खुश हैं। सुधांशु सरिया ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा है, 'न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक प्रतियोगिता के लिए 'सना' का चयन करना एक बड़ा सम्मान है। यह फेस्टिवल स्वतंत्र सिनेमा का एक पुराना चैंपियन रहा है, और हम इसे लेकर रोमांचित हैं। हमारी फिल्म इस तरह के बेहतरीन कार्यों के साथ प्रदर्शित हुई। मैं फेस्टिवल में भाग लेने और साथी फिल्म निर्माताओं और दर्शकों के साथ जुड़ने के लिए उत्साहित हूं।'

'सना' को इससे पहले 26वें तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल और 38वें सांता बारबरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। यह ओपनिंग फिल्म के रूप में 25वें यूके एशिया फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनने के लिए भी तैयार है। फिल्मकार सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित फिल्म 'सना' का सांता बारबरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में नॉर्थ अमेरिकन प्रीमियर होगा और इस समारोह में दिखाई जाने वाली यह एकमात्र भारतीय फिल्म होगी।

**हॉलीवुड मसाला**

## रैपर कान्ये पर लगा छात्रों को बंद करने का आरोप



**कैलिफोर्निया।** किम कार्दशियां के पूर्व पति और रैपर कान्ये वेस्ट एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। कान्ये पर उनके प्राइवेट स्कूल में बच्चों को सिर्फ सुशी खिलाने और उन्हें कमरे में बंद करने का आरोप लगा है। इसके अलावा, उनपर उन पर कई स्वास्थ्य और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। कान्ये कैलिफोर्निया में एक प्राइवेट क्रिश्चियन प्रेप स्कूल चलाते हैं। कई रिपोर्ट में दावा किया गया कि स्कूल में सफाई सेवाओं पर प्रतिबंध है, दरवाजे बाहर से बंद रहते हैं और छात्रों को भोजन के रूप में हर दिन सिर्फ एक सुशी म िलता है।



## अमेरिकी सिंगर जेसन डेरुलो के साथ इंटरनेशनल प्रोजेक्ट की तैयारी

**मुंबई।** इंटरनेशनल स्टार और अमेरिकी सिंगर जेसन डेरुलो ने 'टॉक डर्टी टू मी', 'विगल विगल', 'स्वल्ला' और 'ट्रम्पेट' जैसे सुपरहिट गाने दिए हैं। वह एक प्रोजेक्ट के सिलसिले में मुंबई में हैं। जेसन हाल में बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला के साथ स्पॉट हुए। दोनों को बांद्रा में स्पॉट किया गया। कहा जा रहा है कि उर्वशी और जेसन एक इंटरनेशनल म्यूजिक वीडियो में साथ काम करेंगे। ये म्यूजिक वीडियो बहुत जल्द ही रिलीज होगा। जेसन डेरुलो ने भारत आने से पहले ही उर्वशी रौतेला के अलावा कई अन्य भारती सेलेब्स से बातचीत कर चुके हैं। उर्वशी और जेसन इंटरनेशनल म्यूजिक वीडियो 'जानू' में साथ काम करेंगे। उर्वशी ने इसकी एक झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। जेसन ने भी उर्वशी के साथ काम करने पर खुशी जताई है।



## अजीत कुमार की दरियादिली के मुरीद हुए उनके फैंस

**चेन्नई।** तमिल सिनेमा के मशहूर एक्टर अजीत कुमार अपनी जिंदादिली के चलते एक बार फिर से फैंस के दिलों को जीत लिया है। सोशल मीडिया पर उनकी जमकर चर्चा हो रही है। दरअसल, अजीत कुमार ने लंदन एयरपोर्ट पर एक शादीशुदा महिला की मदद की, जो अपने बच्चे के साथ अकेले ट्रैवल कर रही थी। अजीत ने ना केवल महिला के बैग्स को उठाया बल्कि उसके साथ पोज देकर फोटो भी खिंचवाई। हाल ही में एक पोस्ट के कारण अजीत कुमार लाइमलाइट में आ गए हैं। इसके वायरल होते ही उनके फैंस जमकर उनकी तारीफ कर रहे हैं। दरअसल एक सोशल मीडिया यूजर ने खुलासा किया है कि उनकी पत्नी की अजित के साथ एक मुलाकात हुई थी और वो उनके सरल स्वभाव से काफी प्रभावित हुईं। इस शख्स ने खुलासा किया कि उसकी पत्नी अपने 10 महीने के बच्चे के साथ लंदन से चेन्नई फ्लाइट से सफर कर रही थी तभी लंदन हवाई अड्डे पर वो एक्टर से मिलीं। यही नहीं अजित ने उनकी मदद की और बैग को उठाया और ये सुनिश्चित किया कि वो केबिन में आराम से पहुंचे।इ



## उड़ रही अफवाहों पर पूजा हेगड़े ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** बॉलीवुड से लेकर साउथ फिल्म तक धमाल मचाने वाली खूबसूरत अभिनेत्री में से एक पूजा हेगड़े इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वह इस समय अपनी आगामी फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' की वजह से चर्चाओं में बनी हुई हैं। फिल्म में सलमान खान के साथ पहली बार काम कर रहीं पूजा हेगड़े 'किसी का भाई किसी की जान' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। ऐसे में अभिनेत्री लगातार इंटरव्यू दे रही हैं। एक ऐसे ही इंटरव्यू में पूजा हेगड़े ने प्रोड्यूसर द्वारा कार गिफ्ट करने वाली अफवाह पर चुप्पी तोड़ी है।

इससे पहले अभिनेत्री को लेकर एक अफवाह भी बहुत तेजी से उड़ी थी कि वह और सलमान खान एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि, बाद में अभिनेत्री ने इन अफवाहों को सिरे से नकारते हुए बताया था कि वह अभी सिंगल हैं। बात केवल यहीं नहीं रुकती है। इसके बाद भी पूजा को लेकर कई अफवाह उड़ाए जा चुके हैं। अब इसे लेकर अभिनेत्री ने अपना रिएक्शन दिया है।

**टीवी मसाला**

## कमाई के मामले में बॉलीवुड एक्ट्रेस को भी मात देती हैं ये टीवी स्टार्स

**मुंबई।** बॉलीवुड के समक्ष टीवी आज भी छोटे पर्दे के रूप में ही दर्शकों के सामने पेश किया जाता है। आज कल किसी फिल्म से ज्यादा एक्टर्स के फीस की चर्चा ज्यादा देखने को मिलती है। टीवी को दर्शकों ने हमेशा ही कम आंका है, हालांकि आज के समय में टेलीविजन बहुत बड़ा माध्यम बन चुका है और फिल्म इंडस्ट्री को भी कड़ी टक्कर दे रहा है। टीवी की बढ़ती लोकप्रियता के कारण अब दर्शकों के बीच टीवी स्टार्स की मांग बढ़ गई है। आज के इस लेख में हम आपको उन टीवी स्टार्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बॉलीवुड के छोटे-मोटे यहां तक कि स्थापित हीरो-हीरोइन से कहीं ज्यादा है।



**रूपाली गांगुली**

टीवी की 'अनुपमा' यानी रूपाली गांगुली अपने मां के किरदार से ऑडियंस के बीच अच्छी खासी लोकप्रियता बटोर रही हैं। उनका सीरियल 'अनुपमा' दर्शकों के बीच काफी देखा जाता है। इस शो ने रूपाली के स्टारडम में चार चांद लगा दिया है। गौरतलब है कि रूपाली एक एपिसोड का दो से ढाई लाख रुपये चार्ज करती हैं और अभी तक सबसे ज्यादा डिमांडिंग अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार हैं।

**दिव्यांका त्रिपाठी**

टीवी की सबसे चर्चित अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी आज भी अपने अभिनय के लिए दर्शकों के बीच अच्छी खासी लोकप्रियता बटोरती है। दिव्यांका को सीरियल 'ये है मोहब्बतें' से ऑडियंस के बीच पहचान मिली है। आपको बता दें कि दिव्यांका 80000 से एक लाख तक प्रति एपिसोड फीस चार्ज करती हैं। दिव्यांका टीवी की डिमांडिंग अभिनेत्रियों में से एक हैं।

**हिना खान**

हिना खान टीवी ही नहीं बल्कि बॉलीवुड की भी जानी मानी अभिनेत्री हैं। हिना को 'बिग बॉस 11' से दर्शकों के बीच लोकप्रियता हासिल हुई थी। हालांकि, हिना यह शो हार गई थीं, लेकिन हारने के बावजूद वे शिल्पा शिंदे से ज्यादा चौकस घर ले गईं। आपको बता दें कि हिना खान प्रति एपिसोड एक लाख से 1.25 लाख चार्ज करती हैं। हालांकि, अभी उन्होंने टीवी शोज से दूरी बनाई हुई है।

**अंकिता लोखंडे**

एक समय ऐसा था, जब अंकिता लोखंडे का सीरियल पवित्र रिश्ता दर्शकों के बीच काफी देखा जाता है। इस सीरियल से ही अंकिता को असल पहचान मिली थी। हालांकि, बाद में अंकिता ने बॉलीवुड में भी अपना डेब्यू किया था। आपको बता दें कि अंकिता प्रति एपिसोड 90000 से 1.5 लाख प्रति एपिसोड डिमांड करती हैं।

## एनटीआर 30 में दिखेगा जूनियर एनटीआर का डबल रोल

**बेंगलुरू।** साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की तीसवीं फिल्म यानी एनटीआर 30 का फैंस के बीच अभी से ही क्रेज देखने को मिल रहा है। लगातार फैंस फिल्म से जुड़े अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। अब खबर है कि बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने जा रहे हैं। हालांकि फिल्म की टीम की ओर से अभी तक आधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि नहीं की गई है।



'आरआरआर' की दमदार सफलता के बाद अब जूनियर एनटीआर इस फिल्म से फैंस का दिल जीतने आ रहे हैं। यह एक अखिल भारतीय फिल्म होगी यानी यह देश भर में तमिल, तेलुगू और अन्य साउथ भाषा समेत हिंदी में भी रिलीज होगी। फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर भी मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। वहीं, अब सैफ अली खान के भी शामिल होने की उम्मीद है।

खबर है कि सैफ अली खान को पहले ही फिल्म के लिए साइन कर लिया गया है। फिल्म के तीसरे शेड्यूल में सेट पर उनके शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। अगर, ऐसा होता है तो यह फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी होगी। हालांकि, इस खबर के बाद से सैफ के फैंस सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। फैंस के लिए एक बड़ा अपडेट यह है कि फिल्म में उन्हें जूनियर एनटीआर का डबल रोल देखने को मिल सकता है। फिल्म में अभिनेता दोहरी भूमिका में नजर आएंगे, जो एक पिता और पुत्र की होगी। फिल्म की कहानी एक मछुआरे समुदाय के जीवन पर आधारित होगी।

## बुढ़ापे में रचाई शादी, कोई 60 में बनीं दुल्हन तो कोई 70 में चढ़ा घोड़ी

**मुंबई।** कहते हैं कि प्यार करने वाले ना उम्र देखते हैं और ना हो रूप रंग। फासला चाहे उम्र का हो या परिवार का इन प्यार करने वालों को कोई नहीं रोक सकता है। हालांकि, आप भी यही सोच रहे होंगे कि यह तो फिल्मों में ही होता है, जहां दादा-दादी, नाना-नानी बनने की उम्र में लोग शादी करते हैं, लेकिन इस कहानी में एक ट्विस्ट है। आज हम आपको कुछ ऐसे सेलिब्रिटी कपल्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने परिवार और समाज की परवाह न करते हुए 50 की उम्र के बाद अपना घर बसाया है। तो चलिए जानते हैं उन कपल्स के बारे में।

- **समाज की परवाह करने के बजाए खुद को देखा**









**कबीर बेदी**

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता कबीर बेदी अपनी फिल्मों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अभिनेता ने 70 की उम्र में चौथी बार शादी रचाई है। बताते चलें कि अभिनेता और उनकी पत्नी की उम्र में 30 साल का फासला है। हालांकि, अभिनेता और उनकी पत्नी ने समाज की परवाह नहीं की और अपने रिश्ते को बेबाकी से दुनिया के सामने रखा। कबीर ने साल 2016 में शादी की थी।

**सुहासिनी मुले**

अभिनेत्री सुहासिनी मुले अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। सुहासिनी के अभिनय के आज भी लाखों लोग दीवाने हैं। सुहासिनी मुले ने 60 की उम्र में दुल्हन बनने का फैसला लिया था। अभिनेत्री ने अपने फेसबुक फ्रेंड से शादी की थी। आपको बता दें कि सुहासिनी ने अपनी शादी का खुलासा चार साल बाद किया था।

**नीना गुप्ता**

अभिनेत्री नीना गुप्ता आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। नीना की जिंदगी काफी उतार चढ़ाव से भरी हुई थी। नीना एक लीव इन रिलेशन में रहती थीं, जिससे उन्हें एक बेटी भी हुई थी फिर अपनी बच्ची की अकेले परवरिश करना उनके लिए काफी मुश्किलों भरा रहा है। नीना गुप्ता ने फिर 54 की उम्र में जाकर विवेक मेहरा से शादी की थी।

**मिलिंद सोमन**

अभिनेता मिलिंद सोमन को कौन नहीं जानता है। मिलिंद के फिटनेस वीडियो अकसर सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। अभिनेता अपनी फिटनेस को लेकर फैंस के बीच छाए रहते हैं। आपको बता दें कि मिलिंद ने 52 की उम्र में 26 साल छोटी अंकिता कोंवर से शादी की थी। मिलिंद के इस फैसले ने सोशल मीडिया की दुनिया में तहलका मचा दिया था।

**आज जन्मदिन- अभिनेत्री बिंदु ने खलनायिका से लेकर सभी तरह की भूमिकाएं की फिल्मों में**

# बिंदिया चमकी-चूड़ी खनकी और चमक उठा बिंदु का करियर

**मुंबई।** खलनायिकाओं के किरदार में 'बिंदु' ने भी अपनी अलग पहचान बनाई। सिल्वर स्क्रीन पर बिंदु भले ही एक क्रूर महिला का किरदार अदा करती थीं, लेकिन असल जिंदगी में उनकी जैसी अदाकारा चिराग लेकर भी ढूंढने से नहीं मिलेगी।

अभिनेत्री बिंदु का जन्म 17 अप्रैल 1941 को एक गुजराती परिवार में हुआ। पिता नानक भाई देसाई अपने भाइयों के साथ मिलकर फिल्में बनाते थे। बिंदु घर में भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी और परिवार में 6 बहनें और एक भाई थे। अचानक उनके पिता का देहांत हो गया, तब बिंदु की उम्र केवल 13 बरस थी। बिंदु ने तब मॉडलिंग शुरू की। फिर 1962 में डायरेक्टर मोहन कुमार की सुपरहिट फिल्म 'अनपढ़' में काम करने का मौका मिला।



इस बीच उनकी मुलाकात चंपक लाल झवेरी से हुई। चंपक उनकी बिल्डिंग के पीछे ही रहते थे और उनकी बहन बिंदु की खास दोस्त थी, इसलिए घर आना-जाना था। आखिरकार 1964 में बिंदु की शादी चंपक लाल झवेरी से हो गई। तीन दिन तक शादी का जश्न चला, लेकिन उसके बाद घरवालों ने आंखें फेर लीं और पति को पुश्तैनी बिजनेस से भी बेदखल कर दिया गया। इसके कुछ साल बाद बिंदु की छोटी बहन का विवाह प्रख्यात संगीतकार जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी के लक्ष्मीकांत कुंडालकर से हो गई। एक दिन बिंदु अपनी बहन के साथ रिकार्डिंग स्टूडियो में थी। वहां पर राज खोसला भी थे। उन्होंने लक्ष्मीकांत से पूछा ये कौन है? उन्होंने बताया कि बिंदु मेरी साली है। राज खोसला ने पूछा, फिल्मों में काम करोगी? बिंदु ने हां कह दिया। वो बोले, मैं एक फिल्म बनाने वाला हूं, 'दो रास्ते' उसमें निगेटिव रोल है। बिंदु ने हां कह दी। 15 दिन बाद वे फिल्म 'मेरा साया' की शूटिंग पर थे और संदेश आया कि आ जाओ, तुम्हारा स्क्रीन टेस्ट लेना है। बिंदु वहां पहुंची और उन्होंने एक डॉयलाग दिया। बिंदु ने खूब तैयारी की और डॉयलाग एक ही शॉट में कहा। 'कट' के साथ वो सिंगल टेक का शॉट खत्म हुआ और उनके काम के लिए तालियां बजीं। इस तरह बिंदु को फिल्म 'दो रास्ते' में एंट्री मिल गई।

स्टूडियों में गीतों की जब रिकॉर्डिंग होती तो बिंदु भी वहां होती। बिंदु कहती हैं-जब 'बिंदिया चमकेगी, चूड़ी खनकेगी, तेरी नींद उड़े तो उड़ जाए, कजरा बहकेगा' की रिहर्सल चलती तो गीतकार आनंद बख्शी मुझे चिढ़ाते कि ये गाना भले ही मुमताज के लिए बना है, लेकिन देखना इसमें बिंदु चमकेगी...और हुआ भी वही।

### बिंदु की बहुचर्चित फिल्में

अनपढ़ (1962), औरत (1967), आया सावन झूम के (1969) ,इत्तेफाक (1969), कटी पतंग (1970), अमरप्रेम (1971) मेरे जीवनसाथी (1972), धर्मा (1973), जंजीर (1973), हवस (1974), इम्तिहान (1974), अर्जुन पंडित (1976), दस नंबरी (1976) ,नहले पर दहला (1977) ,देस परदेस (1978), खानदान (1979), शान (1980) , लावारिस (1981) ,नसीब (1981), प्रेमरोग (1982), हीरो (1983), कर्मा (1986) , आंखे (1993) , हम आपके हैं कौन (1994) , जुड़वां (1997) , बनारसी बाबू (1998), मैं हूं ना (2004) , ओम शांति ओम (2007) मेहबूबा (2008)



अनपढ़ (1962) में माला सिन्हा के साथ बिंदु

# स्वास्थ्य मंत्री ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के क्रियान्वयन के लिए एनजीओ से की चर्चा

**राज्य में महिला-पुरूष अनुपात बेहतर करने किया गया विचार-विमर्श**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मंगलवार को लिंग भेद व अवैध गर्भपात के विरूद्ध काम करने वाले गैर-सरकारी संगठनों (ठऋडर) के प्रतिनिधियों से चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन और राज्य में महिला-पुरूष अनुपात बेहतर करने गैर-सरकारी संगठनों से फीडबैक लेकर सुझाव मांगे। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सी.आ?. प्रसन्ना, स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक भीम सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान, पीसीपीएनडीटी एक्ट के संयुक्त संचालक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव और स्वास्थ्य विभाग के उप संचालक डॉ. महेन्द्र सिंह भी बैठक में शामिल हुए।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बैठक में सुझाव दिया कि महिला-पुरूष असमानता को दूर करने और अच्छा लिंगानुपात बनाए रखने के लिए जागरूक करने हाईस्कूलों एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में बच्चों के बीच इनसे जुड़े विषयों पर वाद-विवाद, भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि महिला आयोग द्वारा इन मुद्दों पर जागरूकता के लिए जागरूकता रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए युवाओं को सेंसिटाइज (रील्ल२३री) करने की जरूरत है। इस एक्ट के बारे में जागरूक करने, राज्य में बेहतर लिंगानुपात बनाए रखने और अवैध गर्भपात को रोकने के संबंध में सोशल मीडिया पर भी पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए।

पीसीपीएनडीटी एक्ट के संयुक्त संचालक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने राज्य पर्यवेक्षक मंडल की बैठक में बताया कि राज्य के 14 जिलों के 56 सोनोग्राफी सेंटर्स का राज्य स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान एक्ट का उल्लंघन पाए जाने पर 14 सेंटर्स को नोटिस जारी कर दो को सील किए जाने और एक केंद्र के निलंबन की अनुशंसा की गई है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर गठित निरीक्षण दलों द्वारा 853 केंद्रों का निरीक्षण कर एक्ट का उल्लंघन करने वाले 23 सेंटर्स के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

जिला स्तरीय दलों द्वारा 16 सेंटर्स को नोटिस जारी करने, पांच सेंटर्स को सील करने और दो सेंटर्स के निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# 67 हजार लोगों तक पहुंचे मितान, 46 लाख लोगों तक पहुंची एम्बुलेंस

**धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स से दवा खरीदकर लोगों ने बचाए 96.20 करोड़**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। प्रदेश में लोगों को समय, पैसे और श्रम से राहत देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मितान योजना, स्लम मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना, दाई-दीदी क्लीनिक और धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना का संचालन किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से यह योजनाएं संचलित है। इन योजनाओं ने अस्पतालों और शासकीय कार्यालयों में लाइन में खड़े होने और अनावश्यक खर्चों से लोगों को राहत पहुंचाई है। लोगों को घर बैठे शासकीय दस्तावेजों से संबंधित सेवाएं देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मितान योजना का मई 2022 को शुभारंभ किया गया।

## घर तक पहुंच रहे मितान

राज्य सरकार द्वारा यह महत्वाकांक्षी योजना आम नागरिकों के घरों तक नागरिक उन्मुख सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। ताकि आम लोगों को शासकीय सेवाओं का लाभ उठाने के लिए बार-बार नगर निगमों, तहसीलों और अन्य सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता न पड़े। प्रदेश के 14 नगर पालिक निगमों में मितान योजना को सफलतापूर्वक शुरू किया गया है, जिसमें योजना के प्रथम चरण में 13 नागरिक सेवाओं को प्रारंभ किया गया है।

मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत 67 हजार से अधिक नागरिकों को उनकी आवश्यकता के शासकीय दस्तावेज घर बैठे ही प्रदान किए गए हैं। योजना अंतर्गत अब तक 72 हजार से अधिक नागरिकों ने दस्तावेज संबंधी जानकारी टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करके प्राप्त की है। योजना का उद्देश्य एक प्रभावी होम डिलीवरी मॉडल की मदद से नागरिकों को लगभग 100 सरकारी सेवाएं प्रदान करना है। इसीलिए यह योजना दिहाड़ी मजदूरों, किसानों, महिलाओं और आम नागरिकों को अपना बहुमूल्य समय, धन तथा ऊर्जा बचाने में मददगार है। वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग, शारीरिक रूप से कमजोर वर्ग कार्यालयों में जाने से असमर्थ होने के कारण, इस योजना से अत्याधिक लाभान्वित हो सकेंगे।

# सीएम बघेल ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती से लिया आशीर्वाद



**पंचकुण्डीय श्रीरुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा में हुए शामिल**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री बघेल मंगलवार को बेमेतरा जिले के ग्राम सलधा में आयोजित पंचकुण्डीय श्रीरुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री बघेल ने जगतगुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज से भेंट की और उनसे प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा उपस्थित थे। गौरतलब है कि जगतगुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द महाराज का ग्राम सलधा में 13 अप्रैल से 20 अप्रैल 2023 तक शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि ग्राम सलधा बेमेतरा से 17 किलोमीटर दूर शिवनाथ नदी के किनारे स्थित है, जहां पर सपाद लक्षेश्वर धाम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, इस भव्य मंदिर में सवा लाख शिवलिंग की प्रतिष्ठा की जाएगी।

# फैक्ट्री का तोड़कर लोहा पट्टी चुराने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। फैक्ट्री के मेन गेट का ताला तोड़कर लगभग 50 लोहे की पट्टी चुराने वाले 3 चोरों को सिलतरा चौकी और धरसीवां थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल अशोका रतन निवासी लक्ष्मण टिबडेवाल ने सिलतरा चौकी थाना धरसींवा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आई.आर.एल. एग्रीको कंपनी ग्राम सोण्ड्रा में नागरफाला का फैक्ट्री का संचालक है। प्रार्थी 15 अप्रैल को कर्मचारियों की छुट्टी होने के बाद फैक्ट्री को बंद करके अपने घर चला गया था। प्रार्थी 16 अप्रैल को फैक्ट्री खोलने आया तो देखा कि कंपनी के मेन गेट का ताला टुटा हुआ था, फैक्ट्री के अंदर जाकर देखा तो रॉ मटेरियल लोहे का पट्टा बिखरा पड़ा था तथा 50 नग लोहे के पट्टे कम थे। कोई अज्ञात चोरी फैक्ट्री के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर 50 नग लोहे का पट्टा चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 156/2023 धारा 457, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा चौकी प्रभारी सिलतरा थाना धरसींवा के नेतृत्व में चौकी सिलतरा पुलिस की टीम ने घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी शुरू की। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करते हुए प्रकरण में मुखबीर लगाकर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित कर पतासाजी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को प्रकरण में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानाकरी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा धरसींवा निवासी दुर्गेश यादव की पतासाजी कर पकड़ा गया। घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर दुर्गेश यादव द्वारा अपने अन्य साथी जीतू यादव एवं राजेश साहू के साथ मिलकर चोरी की घटना को कारित करना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त अन्य आरोपी जीतू यादव एवं राजेश साहू की भी पतासाजी कर पकड़ा गया।


# 67 हजार लोगों तक पहुंचे मितान, 46 लाख लोगों तक पहुंची एम्बुलेंस

**धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स से दवा खरीदकर लोगों ने बचाए 96.20 करोड़**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। प्रदेश में लोगों को समय, पैसे और श्रम से राहत देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मितान योजना, स्लम मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना, दाई-दीदी क्लीनिक और धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना का संचालन किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से यह योजनाएं संचलित है। इन योजनाओं ने अस्पतालों और शासकीय कार्यालयों में लाइन में खड़े होने और अनावश्यक खर्चों से लोगों को राहत पहुंचाई है। लोगों को घर बैठे शासकीय दस्तावेजों से संबंधित सेवाएं देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मितान योजना का मई 2022 को शुभारंभ किया गया।

राज्य सरकार द्वारा यह महत्वाकांक्षी योजना आम नागरिकों के घरों तक नागरिक उन्मुख सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। ताकि आम लोगों को शासकीय सेवाओं का लाभ उठाने के लिए बार-बार नगर निगमों, तहसीलों और अन्य सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता न पड़े। प्रदेश के 14 नगर पालिक निगमों में मितान योजना को सफलतापूर्वक शुरू किया गया है, जिसमें योजना के प्रथम चरण में 13 नागरिक सेवाओं को प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत 67 हजार से अधिक नागरिकों को उनकी आवश्यकता के शासकीय दस्तावेज घर बैठे ही प्रदान किए गए हैं।


# न्यायालय के हस्तक्षेप पर दबंग पूर्व प्रधान सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कई महीनों तक इधर-उधर चक्कर काटने के बाद कोर्ट के आदेश पर पीड़ित हरिजन महिला को मिला न्याय**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। कभी-कभी न्याय पाने के लिए पीड़ितों को कई महीनों का इंतजार करना पड़ता है ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पीड़ित महिला नौ महीने थाने का चक्कर काटती रही फिर कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत के दबंग पूर्व प्रधान व उसके शातिर साथियों के खिलाफ न्यायालय के हस्तक्षेप पर संगीय अपराध की कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। मुकदमा दर्ज करवाने वाली अनुसूचित जाति की महिला को जब पुलिस से न्याय नहीं मिला तो न्यायालय की शरण में जाकर अनुतोष प्राप्त हुआ। ग्राम पंचायत खड़ौहां के पूर्व प्रधान चंदन इस बार की प्रधान के प्रतिनिधि के रूप में अपनी पुरानी स्टाइल में प्रधानी चला रहे थे। पुराने कार्यकाल में कई विवादित मामलों में चर्चित रहे प्रधान को इस बार अनुसूचित जाति की महिला से पंगा लेना भारी पड़ गया। खड़ौहां निवासिनी करुणा शंकर की पत्नी गीता ने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली से निराश होकर न्यायालय में 156/3 के तहत गुहार लगाते हुए वाद दाखिल करते हुए गुहार लगाई थी। कि विगत 5 अगस्त 2022 को शाम करीब 7 बजे उक्त गांव के ही पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि चंदन के नेतृत्व में नीरज तिवारी, हरीचन्द्र, कमलेश, संतोष, मुकेश यादव, अजीत यादव व लालता एक राय होकर दरवाजे पर आ गए। जातिसूचक गालियां देते हुए घर में घुसकर धमकाया की गांव छोड़कर चली जाओ नहीं तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। और अपने साथियों को जातिसूचक गालियां देते हुए बलात्कार कारित कर देने के लिए उकसाते हुए कहा की तू कहीं मुंह दिखाने के काबिल नहीं बचेगी तब तो गांव छोड़कर जाएगी तत्पश्चात उक्त लोगों ने पकड़ कर स्तन वा बाल नोचने लगे जमीन पर पटक कर नंगी करने की नियत से कपड़े खींचने लगे पीड़िता व बच्चों के चिल्लाने पर आसपास घरों के कुछ लोग मौके पर आ गए। तब उक्त लोग फिर से जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए तेरी हत्या कर लाश गायब कर देंगे। यह कहते हुए वहां से चले गए। पुलिस ने नहीं की कार्रवाई पुलिस ने किया अनदेखा पीड़िता गीता के मुताबिक घटना की सूचना तत्कालीन मलिहाबाद थाने पर करने के बावजूद कोई कार्रवाई ना होने पर पीड़िता ने 28 अक्टूबर 2022 को पुलिस अधीक्षक लखनऊ ग्रामीण को पंजीकृत डाक से प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई तब भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। तब न्यायालय के आदेश पर 15 अप्रैल 2023 को करीब 9 महीने बाद रहीमाबाद थाने पर उपरोक्त के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506, 452, 354 ख, सहित एसटीएससी एक्ट/ 3(1) घ, 3 (1) ग के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ है।

# चारो नगर पंचायतो से आठ प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद के लिये किया नामाकंन

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज तहसील में नगर निकाय चुनाव के लिये बने नामाकंन कक्षो मे रविवार को मोहनलालगंज नगर पंचायत से दो, नगराम नगर पंचायत से तीन, अमेठी नगर पंचायत से दो व गोसाईगंज नगर पंचायत से एक प्रत्याशियो ने अध्यक्ष पद के लिये अपने प्रस्तावको के साथ पहुंचकर नामाकंन किया। मोहनलालगंज से 23 गोसाईगंज से 12, अमेठी से 13 व नगराम से 12 प्रत्याशियों ने सदस्य पद के लिये उक्त सभी नगर पंचायतों के विभिन्न वार्डो से अपने अपने नामाकंन पत्र दाखिल किये।चारो नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिये 5 व सदस्य पद पर 13नामाकंन पत्र बिके। एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य,एसीपी राज कुमार सिहं व प्रभारी निरीक्षक कुलदीप दूबे ने नामाकंन कक्षो का निरीक्षण कर परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एलआईयू टीम ने मुख्य गेट पर सघंन चेकिगं कराने के बाद ही पर्चा भरने आये प्रत्याशियों व उनके समर्थको को तहसील भवन के अंदर बने नामाकंन कक्षो में प्रवेश दिया।

# सुषमा खर्कवाल को मेयर प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम चुनाव में महापौर पद के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेत्री सुषमा खर्कवाल को प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकताओं में अत्यंत प्रसन्नता की लहर व्याप्त हो गई है। श्रीमती खर्कवाल वर्तमान में उत्तर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व मे क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा जैसे महत्वपूर्ण पदों पर दायित्व निर्वाहन करते हुए विगत लगभग 30 वर्षों से पार्टी में कार्यरत हैं। पूर्व सैनिक प्रेम खर्कवाल की धर्मपत्नी है और श्रीनगर गढ़वाल विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री हासिल की थी। सुषमा खर्कवाल को लखनऊ महापौर प्रत्याशी घोषित होने पर पार्टी संगठन कार्यकताओं सहित सभी विधायकों व जनप्रतिनिधियों ने शीर्ष नेतृत्व के निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया कि पार्टी द्वारा संगठन में लंबे अरसे से कार्यरत वरिष्ठ कार्यकर्ता को अवसर प्रदान किया गया। श्रीमती खर्कवाल के महापौर पद के लिए प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार सिंह चौहान, अशोक तिवारी, संजय सिंह चौहान महाबली, मनोज कुमार सिंह चौहान जिला संयोजक पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ लखनऊ, सज्जन लाल रावत , आशीष कुमार रावत, भुवनेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना, सुभाष पासी, हिमांशु अग्रवाल, शेष यादव सहित तमाम नेताओं ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व विशेषकर रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है ।

# घर के बाहर खड़ी बाइक पर चोरों ने किया हाथ साफ

लखनऊ। सरोजनीनगर में चोरों का अतंग जारी बीते दिनों में बेखौफ चोरों ने बंद दुकान के सामने खड़ी पैशन प्रो बाइक पार कर दी। इस मामले में पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। सरोजनीनगर के शमा विहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद नफीस के मुताबिक बीती 11 अप्रैल को उसकी पैशन प्रो बाइक (यूपी 32 ईएल 6713) दुकान /घर के बाहर खड़ी थी। तभी दिनदहाड़े करीब 4 बजे बेखौफ चोरों ने उसकी बाइक ले उड़े और कुछ देर बाद जब उसकी बाइक वहां पर नहीं नजर आई तो उसने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी।

# जालसाजों ने एटीएस कर्मी के खाते से उड़ाए 21 हजार रुपये रिपोर्ट दर्ज

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। सरोजनी नगर में ऑनलाइन ठगी का शिकार तेजी बढ़ता जा रहा है ऐसी ही एक नया मामला सामने आया है सरोजनी नगर में ऑनलाइन खरीदे गए सामान का पार्सल आने के एवज में रजिस्ट्रेशन कराने के अलावा लिंक भेजने के साथ ही एनीडेस्क एप डाउनलोड कराने का झांसा देकर जालसाजों ने बीते दिनों एक एटीएस कर्मी के खाते से 21 हजार रुपये की रकम पार कर दी। अपने साथ ठगी होने के बाद पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल के माध्यम से जालसाज का पता लगा रही है। मूल रूप से आगरा जिले के सदर थानान्तर्गत नैनाना जाट निवासी प्रवीन सिंह रावत सरोजनीनगर के अमौसी स्थित यूपी एटीएस स्पाट मुख्यालय में कार्यरत हैं। प्रवीन सिंह का कहना है कि बीते दिनों बुक किए गए ऑनलाइन सामान का पार्सल आ रहा था। जिसका पता लगाने के लिए उन्होंने ऑनलाइन ट्रैकिंग नंबर ट्रैक किया तो उसपर 8777704760 और 8249463531 वाट्सऐप नम्बर से एक कॉल आई। जिसमें उसे बताया गया कि पार्सल के लिए रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा। जिसमें 2 रुपये लगेंगे। साथ ही यह भी बताया गया कि अगर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो पार्सल को 90 दिनों के लिए होल्ड कर दिया जाएगा। आरोप है कि साथ में व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा गया और एनीडेस्क ऐप डाउनलोड करने की सलाह दी गई। यह करने के बाद उन्होंने 2 रुपये का ट्रांजैक्शन कर दिया। लेकिन इसके बाद दो बार हुए ट्रांजैक्शन में प्रवीन के खाते से 21 हजार रुपये की रकम पार हो गई।

# बंदूक के दम पर चल रही भाजपा सरकार : ओवैसी

**प्रियंका ने कहा-अपराधियों को कड़ी सजा मिले, मगर कानून से; अखिलेश बोले-अपराधियों के हौसले बुलंद**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ, माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज में 15 अप्रैल यानी शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस मेडिकल टेस्ट के लिए उन्हें अस्पताल लेकर जा रही थी। इसी दौरान मीडियाकर्मी बनकर तीन युवक आए और पुलिस का घेरा तोड़ते हुए दोनों भाइयों को गोली मार दी। अतीक और अशरफ की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना पर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पहला रिएक्शन दिया। अखिलेश ने ट्वीट कर लिखा, उप्र में अपराध की पराकाष्ठा हो गई है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जब पुलिस के सुरक्षा घेरे के बीच सरेआम गोलीबारी करके किसी की हत्या की जा सकती है, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या। इससे जनता के बीच भय का वातावरण बन रहा है, ऐसा लगता है, कुछ लोग जानबूझकर ऐसा वातावरण बना रहे हैं। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर कहा,हमारे देश का कानून संविधान में लिखा गया है, यह कानून सर्वोपरि है। अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, मगर देश के कानून के तहत होनी चाहिए। किसी भी सियासी मकसद से कानून के राज और न्यायिक प्रक्रिया से खिलवाड़ करना या उसका उल्लंघन करना हमारे लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा, जो भी ऐसा करता है या करने वालों को सरंक्षण देता है, उसे भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उस पर भी सख्ती से कानून लागू होना चाहिए। देश में न्याय व्यवस्था और कानून के राज का इकबाल बुलंद हो, यही हम सबकी कोशिश होनी चाहिए।

## मायावती बोलीं- सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान ले तो बेहतर होगा

मायावती ने ट्वीट कर लिखा, ''उमेश पाल हत्याकांड की तरह ही अतीक अहमद और अशरफ की प्रयागराज में पुलिस हिरासत में ही खुलेआम गोली मारकर हत्या हुई। यूपी सरकार की कानून-व्यवस्था और उसकी कार्यप्रणाली पर अनेकों गंभीर प्रश्न चिह्न खड़े करती है।

# मोहनलालगंज में हाई अलर्ट पर पुलिस,पैदल गश्त कर की चेकिंग



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मोहनलालगंज। प्रयागराज में शनिवार की रात माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद प्रदेश में हाईअलर्ट घोषित कर दिया गया। इसको लेकर राजधानी की दक्षिणी जोन पुलिस अलर्ट मोड पर है।रविवार की सुबह डीसीपी विनीत जायसवाल,एडीसीपी शंशाक सिहं पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिये सभी थाना क्षेत्रो में भ्रमण कर प्रभारी निरीक्षको को पुलिस बलो के साथ भ्रमणशील रहकर मुश्तैद रहने के निर्देश दिये।मोहनलालगंज एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य व एसीपी राज कुमार सिहं ने मोहनलालगंज, निगोहां, नगराम थाना क्षेत्र में भ्रमण कर प्रभारी निरीक्षको व पुलिस बलो के साथ कस्बो में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पैदल गश्त भी किया। मोहनलालगंज कस्बे में एसीपी राज कुमार सिहं के नेतृत्व मे प्रभारी निरीक्षक कुलदीप दूबे ने भारी पुलिस बल के साथ गश्त कर नजर बनाए रखी। इस दौरान संदिग्ध लोगों की गतिविधि पर भी पुलिस नजर बनाए रही।

# जीवनदीप समिति की बैठक नहीं बुलाने का जनप्रतिनिधियों ने लगाया आरोप

## सोशल साइट के माध्यम से कार्यकर्ता व नेता निकाल रहे भड़ास




प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**ओड़गी।** यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिन पूर्व क्षेत्रीय विधायक की मौजूदगी में आयोजित जीवनदीप समिति की बैठक में जनपद उपाध्यक्ष ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का आरोप लगाया है।

वहीं बैठक में नहीं बुलाये जाने से नाराज कार्यकर्ता और नेता सोशल साइट के माध्यम से अपनी भड़ास निकाल रहे है। 15 साल बाद प्रदेश की सत्ता में प्रचंड बहुमत से कांग्रेस सरकार आई, जिसमें कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। परंतु अपने ही शासन में जनप्रतिनिधि अपमानित होते दिख रहे हैं और अपना दुखड़ा शासन में रहते हुए सोशल साइट के माध्यम से बयां कर रहे हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओड़गी मैं विधायक पारसनाथ राजवाड़े की उपस्थिति में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण चर्चा की गई।। जिसमें प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौतम कुशवाहा, अवधेश गुर्जर, लोकेश गुर्जर , दानी पाण्डेय एवं विभागीय अधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे परंतु क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित न करने पर जमकर नाराजगी व्यक्त करते हुए सोशल साइट के माध्यम से कार्यकर्ताओं के द्वारा कुछ नेताओं को तव्वजो देने का आरोप लगा जमकर भड़ास निकाली जा रही है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। और पार्टी की अंदरूनी कलह बाहर निकल रही है।

### अंदर खाने में चरम पर गुटबाजी

ओड़गी मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी चरम पर पहुंच चुका है कई सालों से अंदर खाने में गुटबाजी चल रही थी परंतु अब जनप्रतिनिधि भी सोशल साइट के माध्यम से अपना भड़ास निकाल रहे हैं पूर्व में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा बिहारपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को भंग कर दिया गया था परंतु एक युवा नेता के नाखुश होने के कारण कार्यकारिणी को पूर्ण रूप से बहाल कर दिया गया। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में किस प्रकार से राजनीति चल रही है।

### इसी वर्ष होने वाले हैं चुनाव

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम लगातार किया जा रहा हैं तो वही भरोसे का सम्मेलन करके चुनाव का एलान कर दिया गया है परंतु मुख्यालय की राजनीति देखकर ऐसा लग रहा है कि यहां कुछ और ही नजारे हैं ।

### इस पर क्या कहते है स्थानीय नेता

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का लापरवाही है जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया। जीवनदीप समिति का एक बड़ा कार्यक्रम होता है और बगैर जनप्रतिनिधि के कार्यक्रम किया गया जो गलत है ओड़गी के जनप्रतिनिधि का अपमानित किया गया। पार्टी के नेताओं को भी इन चीजों का ध्यान रखना चाहिए परंतु नहीं रखा गया है ,जिसके कारण हमें सोशल साइट के माध्यम से अपने बात को रखे हैं आगे पार्टी फोरम में भी यह बात हो उठाई जाएगी।

**शिवबालक यादव**
**जनपद उपाध्यक्ष**

### सभी को किया गया था आमंत्रित

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा आमंत्रित किया गया था और हमारे द्वारा भी आमंत्रित किया गया था कार्यक्रम में पहुंचे थे पर विलम्भ से पहुंचे थे। लोकतंत्र में सब का अधिकार है सोशल साइट में कुछ भी लिख सकते हैं।

**गौतम कुशवाहा**
**अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी**

### युवा कार्यकर्ताओ की होती है उपेक्षा

आज तक जो भी कार्यक्रम किया जाता है किसी भी कार्यक्रम में हम युवा लोगों को आमंत्रित नहीं किया जाता है । आदमी देख कर लोगों को बुलाया जा रहा है । सोशल साइट और पेपर के माध्यम से हमें कार्यक्रम की जानकारी मिलती है ।

**विश्वनाथ प्रताप सिंह**
**ब्लॉक अध्यक्ष यूथ इंटक कांग्रेस**

### पार्टी का झंडा उठाने किया जाता है याद

कब क्या कार्यक्रम हो रहा है आज तक जानकारी हमें नहीं दी जाती है पार्टी का झंडा उठाने और जिंदाबाद करने की जरूरत पड़ती है तो पार्टी के वरिष्ठ नेता हमें याद करते हैं।

**पिंटू सिंह गुर्जर**
**युवा कांग्रेस कार्यकर्ता**

## शासकीय उचित मूल्य दुकानों के नवीन आबंटन संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला सूरजपुर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार आमजनों, सहकारी समितियों, वृहद आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति तथा स्थानीय स्वशासी निकाय को सूचित किया जाता है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान छिन्दिया, बरौल एवं उमेषपुर, विकास खण्ड रामानुजनगर का नवीन आबंटन नियुक्त किया जाना है।

शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के इच्छुक संस्था 03 मई 2023 तक कार्यालयीन समय शाम 05.30 बजे तक संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में संस्था के प्रस्ताव एवं अन्य दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

## सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश प्रारंभ

**बालोद। छ.ग. फ्रंटलाइन।** ग्राम निपानी में शासकीय विद्यालय को अंग्रेजी माध्यम स्कूल बनाया गया है। जिसमे 1 कक्षा से 12 तक एडमिशन प्रारम्भ कर दिया गया है जो भी नागरिक निपानी ग्राम के आसपास रहते है और अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा देना चाहते है वे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम सकूल निपानी में अपने बच्चों का एडमिशन करा सकते है।

## एकलव्य विद्यालय में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु 23 को होगी परीक्षा

### जिले के 9 परीक्षा केंद्र में 2135 विद्यार्थी होंगे शामिल




प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में सत्र 2023-24 में कक्षा 6 वीं प्रवेश परीक्षा रविवार 23 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जिले में नौ केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु 2244 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 2135 पात्र विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रतापपुर विकासखण्ड हेतु चार केन्द्र जिसमें 950 परीक्षार्थी ओड़गी हेतु एक केन्द्र जिसमें 323, प्रेमनगर हेतु दो केन्द्र जिसमें 268, रामानुजनगर में एक केन्द्र जिसमें 230, भैयाथान एवं सूरजपुर विकासखण्ड का परीक्षाकेन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर जिसमें 355 परीक्षार्थी कुल 2135 परीक्षार्थी शामिल होगें। जिन विद्यार्थियों का प्रवेश चयन परीक्षा के लिए पात्र हुआ है, वे एकलव्य विद्यालय की वेबसाईट के माध्यम से आवेदन क्रमांक एवं पंजीकृत मोबाइल नंबर की सहायता से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। पात्र विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं अपने नजदीकी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय से प्राप्त कर सकते है।

## जिले के 1 एसआई पदोन्नत होकर बने टीआई



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** बीते दिन पुलिस मुख्यालय रायपुर के द्वारा एसआई से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति का आदेश जारी किया है जिसमें जिले के एसआई नीलाम्बर मिश्रा का नाम शामील है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने पदोन्नत हुए एसआई नीलाम्बर मिश्रा के कंधों पर स्टार लगाकर टीआई पद पर पदोन्नति देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्हें कहा कि सेवा के अगले पड़ाव में जिम्मेदारीपूर्वक, पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## दिव्यांगों को क्लेक्टर व जिपं सीईओ ने किया ट्रायसायकल प्रदाय

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** मंगलवार को सप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बगड़ा सरईदोहर पारा निवासी संतराम पंडो व उसकी पत्नी रुदनी पंडो जो अपने ग्राम के कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक सिंह के माध्यम से ट्राससायकल हेतु कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग से चलने फिरने में पूर्ण रूप से नि:शक्त संतराम पंडो को ट्रायसायकल प्रदान किया तथा उसकी पत्नी रुदनी पंडो जो देखने में पूर्ण रूप से नि:शक्त हैं, उसे छड़ी देकर उनकी सहायता की। इसी तरह रामानुजनगर क्षेत्र के ग्राम बद्रिकाश्रम निवासी दिव्यांग गुलाबचन्द्र द्वारा ट्रायसायकल हेतु कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया था, कलेक्टर ने आवेदन को संज्ञान में लेते हुए समाज कल्याण विभाग को ट्रायसायकल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिसे जिला पंचायत सीईओ ने दिव्यांग गुलाबचन्द्र को ट्रायसायकल प्रदान किया।




**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**
**सामान्य वन मंडल धरमजयगढ़ (छ.ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मण्डल धरमजयगढ़ के काष्ठागार धरमजयगढ़ में उपलब्ध ईमारती, बांस एवं जलाऊ का दर्शित तिथि समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा।

1. नीलाम स्थान – काष्ठागार धरमजयगढ़
2. नीलाम दिनांक – 25.04.2023
3. नीलाम समय – प्रातः 09:00 बजे से प्रारंभ

| अ.क. | प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0.000 | 0 | 5.810 | 0 | 5.810 | 0 |
| 2 | साल | 600.000 | 0 | 1112.427 | 451 | 1712.427 | 451 |
| 3 | बीजा | 50.000 | 0 | 43.269 | 0 | 93.269 | 0 |
| 4 | खम्हार | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| 5 | साजा | 30.000 | 0 | 46.610 | 0 | 76.610 | 0 |
| 6 | हल्दू | 0.000 | 0 | 4.298 | 0 | 4.298 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 10.000 | 0 | 24.966 | 113 | 34.966 | 113 |
| 8 | सलिहा | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| 9 | अन्य | 10.000 | 0 | 44.389 | 407 | 54.389 | 407 |
| 10 | आर.टी.एल | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| | योग :- | 700.000 | 0 | 1281.769 | 971 | 1981.769 | 971 |
| 11 | जलाऊ | 1000 | चट्टा | 373 | चट्टा | 1373 | चट्टा |
| 12 | औद्योगिक बांस | 01 Miter | 0 | 01 Miter | 0 | 0 | नग |
| | | 02 Miter | 0 | 02 Miter | 0 | 0 | नग |
| 13 | व्यापारिक बांस | Nos | | 0 | 0 | 0 | नग |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपो से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी-अधिकता संभव है।
टीप :- क्रेता को पैन नम्बर एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2023 की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

वनमण्डलाधिकारी
धरमजयगढ़ वनमण्डल

जी-00247/8


## बेरोजगारी भत्ता हेतु भौतिक सत्यापन पश्चात 482 का आवेदन किया गया स्वीकृत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता के लिए जिले में अब तक 1906 ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 1780 बेरोजगार प्रतिभागियों का भौतिक सत्यापन कर 482 आवेदकों का आवेदन स्वीकृत कर लिया गया है, तथा 150 प्रतिभागी सत्यापन के दौरान अनुपस्थित पाये गये हैं शेष 1100 आवेदकों के मूल दस्तावेजों का परीक्षण कार्य प्रक्रियाधीन है। योजना के तहत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अप्रैल माह से 2500 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। अप्रैल महीने में किसी भी दिन किए गए आवेदनों पर घोषणा अनुसार भत्ता अप्रैल से ही देय होगा।

इस संबंध में अनुपस्थित आवेदक अपने लॉगिन आई.डी. से अनुपस्थिति का कारण बताते हुए पोर्टल पर पुनः आवेदन अप्लाई कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# स्कूल में आईडी कार्ड लर्निंग कॉन्सेप्ट की हुई शुरुआत

## शिक्षकों द्वारा किये जा रहे हैं नित नये-नये नवाचार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले के शिक्षको द्वारा नित नए नए नवाचार किये जा रहे है। विकास खण्ड रामानुजनगर में शासकीय प्राथमिक शाला शिवपुर के शिक्षक योगेश साहू ने स्कूल में आईडी कार्ड लर्निंग कॉन्सेप्ट की शुरुआत की है। उनके द्वारा बच्चों के अधिगम स्तर और पाठ्यक्रम के अनुसार उनको कंटेंट उपलब्ध कराकर उनके शैक्षिक स्तर को बढ़ाना और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करना ही आईडी कार्ड लर्निंग कॉन्सेप्ट का उद्देश्य है। कक्षा में इसकी उपलब्धता बच्चों को अधिक से अधिक कंटेंट सीखने के लिए प्रेरित करेगी। साथ ही साथ आप उन्हें यह घर के लिए उपलब्ध कराकर उनमें शानदार बदलाव ला सकते हैं। व्यक्तिगत रूप से एवं समूह में छात्रों द्वारा इसका प्रयोग निश्चित ही उनमें सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। शिक्षकों ने बच्चों के अधिगम स्तर को बढ़ाने और खेल खेल में सीखने



के लिए बच्चों को प्रतिदिन लर्निंग आईडी कार्ड स्कूल में और घर ले जाने के लिए दिया है, जिसका परिणाम भी अच्छा मिल रहा है। छत्तीसगढ़ शासन की अति महत्वपूर्ण योजना सुघ्घर पढवाईया योजना को सफल बनाने में इस कार्ड से बहुत सहयोग मिल रहा है। कार्ड को सभी बच्चों को बदल बदल कर दिया जाता है। बच्चे रोमांचक ढ़ंग से कार्ड का उपयोग कर रहे हैं।

### शैक्षणिक गुणवत्ता में होगा सुधार

विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज एवं संकुल समन्वयक लुकेश्वर सिंह ने शिक्षक के इस कार्य की सराहना की है। बीईओ ने कहा कि इस तरह का नवाचार पहल से बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार होगा और यह पहल बच्चों के स्तर को बढ़ाने में बहुत लाभकारी होगा।

## हीरानगर में पकड़ी गई शराब बेचने वाली महिला, उरला पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** शराब के साथ महिला आरोपी जानकी उर्फ दुकहीन भारती को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक थाना उरला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत हीरानगर अछोली बरगद पेड़ पास एक महिला थैले में शराब रखीं है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रही है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी उरला निरीक्षक बृजेश कुशवाहा के नेतृत्व में थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिये की महिला को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम जानकी उर्फ दुकहीन भारती अछोली उरला रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में देशी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में जानकी उर्फ दुकहीन भारती से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर महिला आरोपी जानकी उर्फ दुकहीन भारती को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 165 पौवा देशी शराब कीमती लगभग 2,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में अपराध क्रमांक 162/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार महिला आरोपी- जानकी उर्फ दुकहीन भारती पति तुलाराम भारती उम्र 58 साल निवासी हीरा नगर अछोली थाना उरला रायपुर।

## श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी, 20 लोग घायल, इनमें से 6 की हालत गंभीर

**पेंड्रा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में पिकअप वाहन में सवार 20 श्रद्धालु घायल हो गए। इनमें से 6 लोगों को अधिक चोटें आई है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि ये सभी मुंडन कार्यक्रम से लौट रहे थे। हादसा अमरकंटक-गौरेला मुख्य मार्ग पर स्थित चुक्तिपानी गांव के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार, अमरकंटक से नर्मदा दर्शन कर वापस अपने घर लौट रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार हो गए। सभी मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के भेलवा गांव के रहने वाले हैं। श्रद्धालुओं से भरी पिकअप वाहन तेज रफ्तार से आ रही थी। रफ्तार अधिक होने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और चुक्तिपानी गांव के पास अंतिम घाट पर पलट गया। इसमें 20 लोग घायल हो गए, जिसमें से 6 लोगों को अधिक चोटें आई है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि ये सभी मुंडन कार्यक्रम के लिए अमरकंटक गए थे।

कोरिया फ्रंटलाइन

# लगातार दूसरे दिन 66 शिक्षित युवाओं को स्वीकृत हुआ बेरोजगारी भत्ता

## दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी लक्ष्य किया जा सकता है प्राप्तरू कलेक्टर

■ विद्यायक एवं कलेक्टर के हाथों मिला प्रमाण पत्र






छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी बेरोज़गारी भत्ता योजना के अन्तर्गत एमसीबी ज़िले के भरतपुर सोनहत क्षेत्र के कुल 66 शिक्षित युवाओं को बेरोज़गारी भत्ता स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पात्र हितग्राहियों को भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो और कलेक्टर पीएस ध्रुव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में बेरोज़गारी भत्ता स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। कलेक्टर ध्रुव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के द्वारा 1 अप्रैल से दो महत्वपूर्ण कार्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 और बेरोज़गारी भत्ता योजना प्रारंभ किया गया है। प्रशासन दोनों कार्य तेजी से कर रही है। बेरोज़गारी भत्ता योजना का लाभ उठाकर आप लोग आगे बढ़ सकते हैं। कोई युवा आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, पुस्तक कापी ख़रीदना है या कम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं उनके लिये यह बहुत लाभदायक योजना है। योजना का लाभ उठाते हुए और दृढ़ संकल्प के साथ मेहनत करके कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विधायक कमरो ने कहा कि आप सभी युवा देश के भविष्य हैं। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने लक्ष्य का पीछा करते करते आज मैं यहाँ तक पहुँचा हूँ। आप सभी को मैं भत्ता स्वीकृत होने पर बधाई देता हूँ। अपना भी एक लक्ष्य होना चाहिए। आपको भी लगातार अपने लक्ष्य का पीछा करना है। हमारी सरकार बनने के बाद एमसीबी ज़िला बन गया। नागपुर में उप तहसील बन गया, कॉलेज खुल गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकर तैयार है। केल्हारी में तहसील और एसडीएम कार्यालय के साथ हॉस्पिटल भी खुल गया। हमारी सरकार आम जनता के हित में कार्य करने वाली सरकार है। अभी भी जिन लोगों का बेरोज़गारी भत्ता आवेदन नहीं हो पाया है उनको भी आवेदन करने के लिये प्रोत्साहित कीजिए। छत्तीसगढ़ सरकार योजनाओं के माध्यम से सभी लोगों तक पहुँचने का कर रही है। लेकिन फिर भी अगर किसी युवा साथी को पढ़ाई लिखाई के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो मैं व्यक्तिगत रूप से आपकी मदद करने को तैयार हूँ। इस अवसर पर प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, जनपद अध्यक्ष मनेंद्रगढ़ डॉ विनय शंकर सिंह, उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद सीईओ मनेंद्रगढ़ रघुनाथराम, बीईओ मनेंद्रगढ़ सुरेन्द्र जायसवाल, जेल विजिटर अभिषेक वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व युवा उपस्थित थे।

# एक सूत्रीय मांग को लेकर पंचायत सचिवों ने विधायक कमरो को सौंपा ज्ञापन




छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरों को एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण के संबंध में पंचायत सचिवों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा है। इस मौके पर विकास खंड मनेंद्रगढ़ के समस्त हड़ताली पंचायत सचिव उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के आवाहन पर अपनी 1 सूत्रीय मांग शासकीयकरण करने की मांग को लेकर एमसीबी जिले के समस्त ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिव ब्लॉक स्तर पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर 16 मार्च 2023 से हैं । पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने पर पंचायतों की व्यवस्था चरमरा गई है । पंचायतों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं । पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल के 1 माह से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन शासन द्वारा अभी तक पंचायत सचिवों के हड़ताल की सुध नहीं ली गई है । पंचायत सचिव इस बार आर पार की लड़ाई लड़ने के मूड में दिखाई दे रहे हैं । शासन के अल्टीमेटम के बाद भी पंचायत सचिव अपनी 1 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर डटे हुए हैं।

# रामविचार नेताम ने ली भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केंद्रों की बैठक



**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** भरतपुर सोनहत विधान सभा के शक्ति केंद्रो की बैठक राम विचार नेताम पूर्व गृह मंत्री छत्तीगढ शासन व श्रीमती चंपा देवी पावले, रितेश गुप्ता व प्रदेश के पदाधिकारी जिला के पदाधिकारी मंडल के अध्यक्ष ,महामंत्री, शक्ति केंद्र के प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक सहस्योजक की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित करके हुई। अपने उद्बोधन में पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले ने समस्त अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। उन्होंने कहा पार्टी की गतिविधियों को शक्ति केन्द्रों तक पहुँचाना है। शक्ति केंद्र और बूथों को मजबूत करना है। आप सभी अविलंब शक्ति केंद्रों की बैठक लें तथा वस्तुस्थिति से अवगत करायें। समस्त शक्ति केंद्रों की आगामी रूप रेखा तय करें तथा शक्ति केंद्रों का सुदृढ़ीकरण करना जारी रखें। समस्त जिले के पदाधिकारी, मंडलों के अध्यक्ष, मंडलों के प्रभारी एवं प्रकोष्ठों के संयोजक आगामी कार्यक्रमों को संकल्प के साथ सम्पन्न करायें।मुख्य वक्ता राम विचार नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सेवा ही संगठन की अवधारणा पर काम करती है। पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रहित में लगातार काम करते चले जा रहे हैं।आपदा की स्थिति में भाजपा कार्यकर्ता सेवा में अग्रसर रहे हैं। उन्होंने घर-घर बिजली, सड़कों का जाल, पीने का शुद्ध पानी हर घर तक पहुंचाए जाने की बात कहते हुए शक्ति केंद्र में सभी बूथों को मजबूत करने को लक्ष्य बनाने कहा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जमुना पांडे, संजय सिंह, नगर पंचायत खोगापानी अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा, नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष सरोज यादव, आदि काफी संख्या में मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने पत्र जारी कर डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को सौंपे दायित्व

छ.ग.फ्रंटलाइन

**कोरिया।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पत्र जारी कर छत्तीसगढ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के परिपत्र के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सम्बन्धित तहसील में कार्य करने हेतु आदेशित किया है। उन्होंने डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर को प्रभारी तहसीलदार पटना, तहसीलदार मनहरण सिंह राठिया को भू अभिलेख कार्यालय कोरिया,नायब तहसीलदार समीर शर्मा को प्रभारी तहसीलदार बचरा पोडी, नायब तहसीलदार मनोज कुमार पैकरा को प्रभारी तहसीलदार बैकुण्ठपुर, नायब तहसीलदार भीष्म पटेल को नायब तहसीलदार बैकुण्ठपुर, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख सुश्री नीलिमा लकडा को प्रभारी तहसीलदार सोनहत का दायित्व सौंपा है।

# कलेक्टर ने यूट्यूबर जयकांत को दिलाया नया मोबाईल, नया मोबाइल मिलने पर कलेक्टर को दिया धन्यवाद



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने घोलेंग निवासी यूट्यूबर जयकांत तिर्की को नया मोबाइल दिलाया। यूट्यूबर जयकांत ने मोबाइल पाकर खुशी जाहिर करते हुए कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल को आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत घोलेंग निवासी यूट्यूबर जयकांत तिर्की का 29 जनवरी 2023 को मोबाइल गुम हो जाने के कारण नया मोबाइल खरीदने के लिए सहायता राशि दिलाने हेतु कलेक्टर के पास आवेदन किया था। जिस पर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए यूट्यूबर जयकांत तिर्की नया मोबाइल दिलाया गया। यूट्यूबर जयकांत तिर्की ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण नया मोबाइल खरीदने में असमर्थ थे। वर्तमान में वे यूट्यूब चैनल में मोबाइल द्वारा विडियो शुटिंग कर के अपलोड का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि 29 जनवरी 2023 को मोबाइल कहीं गुम हो गया। जिसके कारण मुझे अपना काम करने में परेशानी हो रही थी। कलेक्टर ने नया मोबाइल दिलाकर मेरी परेशानी दूर कर दी है। अब मैं आगे और भी अच्छे से अपना काम कर सकूंगा।

# एमसीबी के 37 हितग्राहियों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत

■ विधायक गुलाब कमरो व डॉ. विनय जायसवाल ने दिया प्रमाण पत्र



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी बेरोज़गारी भत्ता योजना के अन्तर्गत एमसीबी ज़िले में मनेंद्रगढ़ विधानसभा अंतर्गत कुल 37 लोगों को बेरोज़गारी भत्ता स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। हितग्राहियों को मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल, भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो और कलेक्टर पीएस ध्रुव ने कलेक्टर कक्ष में बेरोज़गारी भत्ता स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। विधायक कमरो ने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को बेरोज़गारी भत्ता के बारे में बताना है ताकि शासन की कल्याणकारी योजना का लाभ जन-जन तक पहुँचे। विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने कह कि युवा बेरोज़गारी भत्ता लेकर अपनी शिक्षा को आगे बढ़ायें और जीवन में सफलता को प्राप्त करें। कलेक्टर ध्रुव ने सभी हितग्राहियों को बेरोज़गारी भत्ता स्वीकृत होने को बधाई दी। उन्होंने सभी को जीवन में आगे बढ़कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये प्रोत्साहित किया। बेरोज़गारी भत्ता स्वीकृत होने से युवाओं के चेहरे खिल गये। उन्होंने बेरोज़गारी भत्ता प्रदान करने के लिए प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता योजना लागू हो चुकी है। इस योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हर माह 2500 रूपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा। पंजीयन कराने वाले बेरोजगारों को कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी। इस योजना के लागू होने के बाद जिले के बेरोजगार युवाओं में बेरोजगारी भत्ता पाने के लिए खासा उत्साह है। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में मनेंद्रगढ़ नगरपालिका की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी, मनेंद्रगढ़ नगर पालिका सीएमओ इसहाक ख़ान, मण्डल संयोजक संजय श्रीवास्तव तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# झूठ बोलने की प्रतियोगिता होगी तो रमन सिंह बनेंगे विजेता : व्यंकटेश सिंह



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** युवा कांग्रेसी नेता ने भाजपा पर हमला बोलते हुए एक बयान जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के लगभग साढ़े 4 साल पूरे होने को हैं जो गौरव और स्वाभिमान का है। युवा कांग्रेसी नेता व्यंकटेश सिंह ने कहा कि प्रदेश में बीते 4 साल में एक भी किसान ने किसानी की समस्या से खुदकुशी नहीं की है। डॉ रमन सिंह के कार्यकाल 15 सालों में 15 हजार किसानों ने खुदकुशी की थी। यानी कि हर साल 1 हजार किसान मौत को चुनते थे। डॉ. रमन का बताया आंकड़ा भ्रामक है, अगर एक पल को इसे सही भी मान लें तो भी ये काफी कम है, मगर एक भी किसान ने जान नहीं दी है। सिंह ने कहा कि झूठ बोलने की प्रतियोगिता होगी तो भाजपा और रमन सिंह विजेता बनेंगे। डॉ रमन सिंह प्रदेश में सबसे बड़े झूठे हैं, डॉ रमन सिंह ने कहा है कि मेरे कार्यकाल में 700 शराब दुकानें हुआ करती थीं कांग्रेस काल में 1400 हो गई हैं, मैं उन्हें चुनौती देता हूं अगर हिम्मत है तो 1400 दुकानों के नाम लिस्ट उजाकर करें। कांग्रेस के मौजूदा समय में 103 दुकानों की कमी आई है। शराब दुकानें करीब 600 बची हैं। कांग्रेस के 4 साल गौरव और स्वाभिमान के हैं। छत्तीसगढ़ के हर वर्ग की उन्नति के लिए काम हुआ। संस्कृति के विकास पर काम हुआ। आज छत्तीसगढ़ अकेला ऐसा प्रदेश जहां किसानों की पूरी उपज का दाम मिलता है। रमन सिंह ने रोजगार के अवसर बंद कर रखे थे। उन्होंने एक भी नियमित शिक्षक की नियुक्ति नहीं की। कांग्रेस के वक्त में सरकारी नौकरी के द्वार खोले गए। व्यंकतटेश सिंह ने कहा कि डॉ रमन सिंह ने मीडिया से चर्चा में एक शब्द गर्त का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा ये 4 साल गर्त के हैं। पहली बार डॉ रमन सिंह ने पूरी ईमानदारी से स्वीकारा है कि वास्तव में भाजपा के लिए गर्त के ये चाल साल रहे। डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा विधानसभा चुनाव हारी। लगातार महापौर चुनाव हारे, जिला पंचायत के चुनाव हारे, 5 उप चुनाव हुए वो भी भाजपा हार गई और गर्त में गई। कांग्रेस नेता ने कहा कि डॉ रमन सिंह अपराध पर बड़ी-बड़ी बात करते हैं , कोई भूला नहीं कि छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा राजनीतिक नरसंहार डॉ रमन के वक्त ही हुआ। झूठ बोल रहे हैं डॉ रमन सिंह, एन सी आर बी के डाटा में देखने से पता चलता है कि बीते 4 सालों में छत्तीसगढ़ में अपराधों में 62 प्रतिशत की कमी आई है। डॉ रमन के वक्त महिला अपराधों में प्रदेश 5वें नंबर पर था आज 18 में है। 3 हजार स्कूल भाजपा ने बंद कराए। युवा नेता व्यंकटेश सिंह ने कहा कि प्रदेश में लगभग 3 हजार स्कूल बंद किये गये जिसमें से लगभग 300 स्कूल बस्तर के थे। बंद स्कूलों को पुनः आरंभ किया गया। जिनमें से 287 बस्तर संभाग के हैं। प्रत्येक ब्लॉक में उच्च गुणवत्ता युक्त अंग्रेजी माध्यम के स्वामी आत्मानंद विद्यालय खोले गये। अब हिन्दी माध्यम से साथ ही स्वामी आत्मानंद कॉलेज भी खोले जाएंगे। रमन राज में आंखफोड़वा कांड, नसबंदी कांड, गर्भाशय कांड, कमीशनखोरी के लालच में ब्लैक लिस्टेड कंपनी से दवा खरीदी, डीकेएस घोटाला, उपकरण खरीदी घोटाला, बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था की पहचान बन चुकी थी।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक, छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के सर्वे कार्य की ली जानकारी

## रीपा केन्द्रों के सुव्यवस्थित संचालन हेतु दिए दिशा निर्देश, विभिन्न शा. योजनाओं के क्रियान्वयन की हुई समीक्षा



छ.ग.फ्रंटलाइन

**कोरिया।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आहूत की गई। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने गोधन न्याय योजना का समीक्षा करते हुए गोबर खरीदी की जानकारी ली। उन्होने सभी संबंधित विभागों को वर्मी कम्पोस्ट खाद का उठाव कराए जाने के निर्देश दिये उन्होने गोमूत्र खरीदी एवं कीटनाशक निर्माण में प्रगति की समीक्षा की। इसी प्रकार उन्होने जिले में गोबर पेंट निर्माण की जानकारी ली तथा पीडब्लूडी, आरईएस विभाग को शासकीय कार्यालयों में गोबर पेंट का उपयोग किए जाने तथा नगरीय निकायों के सीएमओ को गोबर पेंट के उठाव के निर्देश दिये। कलेक्टर लंगेह ने बैठक में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना के तहत रीपा केन्द्रों में गतिविधिया के सुव्यवस्थित संचालन की समीक्षा की। उन्होंने समूह की महिलाओं हेतू आवश्यक प्रशिक्षण आयोजित किए जाने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में गतिविधिया न रूकें इस हेतु जल, विद्युत जैसी समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने जिले में निर्माणाधिन स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में प्रगति की समीक्षा की तथा कार्य जल्द पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिये। उन्होने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की जानकारी ली। छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के सर्वे कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्य में तेजी लाने तथा 24 अप्रैल तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए, उन्होने कहा कि सर्वेक्षण में पीछे ग्राम पंचायतों में अतिरिक्त टीम लगाए। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता के लिए पंजीकृत हितग्राहियों तथा उनके दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के संबंध में भी जानकारी ली तथा कहा कि पात्र हितग्राहियों को यथाशीघ्र स्वीकृत आदेश जारी करें। बैठक में कलेक्टर ने सभी कार्यालय प्रमुखों को आगामी विधानसभा चुनाव हेतु कार्यालय में कार्यरत अधिकारी - कर्मचारियों का डाटाबेस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा निर्वाचन हेतु संबंधित अधिकारीयों को मतदान केन्द्रों की सूची उपलब्ध कराने निर्देश देते हुए तथा भौतिक सत्यापन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने वर्तमान में कोविड - 19 के बढते मामलों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत की मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्रीमति नम्रता जैन, संयुक्त कलेक्टर अनिल सिदार, समस्त एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सेन समाज ने मनाई सेन महाराज की जयंती



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** एमसीबी जिला के झगड़ाखांड स्थित सामुदायिक भवन में एमसीबी सर्व सेन समाज के द्वारा सेन महाराज की जंयती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अतिथि के रूप में भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों, मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल, नगर पालिका मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष प्रभा पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व काफी संख्या में सेन समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सैन जयंती के अवसर पर सेन समाज के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों ने कहा कि सैन समाज के आराध्य श्री सैन जी महाराज का जीवन उदारता और सादगी की शिक्षा देने वाला है। उन्होंने कहा कि हमें उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करना चाहिए। नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष प्रभा पटेल ने सेन महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सैन महाराज का जन्म विक्रम संवत 1557 में वैशाख कृष्ण द्वादशी को बांधवगढ़ में हुआ था। बचपन में इनका नाम नंदा था वे जाति से नाई थे। आगे चलकर ये सैन महाराज के नाम से मशहूर हुए । सैन महाराज ने गृहस्थ जीवन के साथ-साथ भक्ति के मार्ग पर चलकर समाज को दिखा दिया कि संसार के सारे कामों को करते हुए भी प्रभु की सेवा की जा सकती है। मध्यकाल के संतों में सेन महाराज का नाम अग्रणी है उन्होंने पवित्रता और सात्विकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने लोगों को सत्य, अहिंसा और प्रेम का संदेश दिया। वे सभी मनुष्यों में ईश्वर के दर्शन करते थे। लोग उनके उपदेशों से इतने प्रभावित होते थे कि दूर-दूर से उनके पास खींचे चले आते थे। वृद्धावस्था में सेन महाराज काशी चले गए और वहीं उपदेश देने लगे। काशी में वे जिस जगह पर रहते थे उसे आज सेनपुरा के नाम से जाना जाता है। मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य जनों ने सेन समाज के लोगों को सेन महाराज की जयंती पर अपनी बधाई व शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा